इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा


आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



# मोबाइल की आदत सही या गलत ?- मोदी सर ने बच्चों को बताया सही तरीका



नई दिल्ली। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जनवरी 2024 को परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में बोर्ड परीक्षा के छात्रों के साथ बातचीत की. यह बातचीत परीक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई थी. नई दिल्ली के भारत मंडपम में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ. इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने छात्रों के साथ संवाद किया. उनसे पढ़ाई, मानसिक शांति, पढ़ाई करने के तरीके, अभिभावक और टीचर का सहयोग जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की. पीएम मोदी ने छात्रों के साथ मोबाइल के इस्तेमाल करने पर भी चर्चा की.

चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल का बहुत ही ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं. कई बच्चे पैरेंट्स से छिप कर बात कर रहे हैं. आजकल देखा जा रहा है कि एक कमरे में लोग तो रहते हैं लेकिन आपसी संवाद नहीं हो पाता है. मोबाइल के कारण पैरेंट्स बच्चों पर संदह करते हैं. ऐसे में पीएम मोदी ने मोबाइल के सही इस्तेमाल के बारे में भी ज़रूरी टिप्स दिए.

### मोबाइल इस्तेमाल में पारदर्शिता जरूरी है

पीएम मोदी ने कहा कि बच्चे जब मोबाइल का इस्तेमाल करें तो पैरेंट्स से कुछ छिपाए नहीं. ऐसे में संदेह की स्थिति बनती है. मोबाइल में हर तरह के कंटेंट होते हैं. कुछ अच्छे कंटेट होते हैं और कुछ बुरे. हमें पॉजीटिव होकर चीज़ों को देखने की आवश्यकता है. पीएम मोदी ने बच्चों को सलाह दी कि मोबाइल का सदुपयोग करें. पीएम मोदी ने पैरेंट्स और बच्चों को सलाह देते हुए कहा है कि घर में समय निर्धारित कर लें. उस समय घर का कोई सदस्य मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करेंगे. खाना खाते समय मोबाइल का बिल्कुल प्रयोग ना करें. पैरेंट्स को सुझाव देते हुए पीएम मोदी ने कहा है कि घर में ऐसा माहौल बनाएं ताकि सभी परिजन आपस में संवाद कर सकें. एक दूसरे से बात करें.

### पैरेंट्स को मोबाइल के बारे में बताएं

पीएम मोदी ने कहा है कि आजकल मोबाइल पर बहुत ही अच्छे कंटेंट्स होते हैं. बच्चों को सलाह देते हुए कहा है कि आप पैरेंट्स को मोबाइल के फंक्शन के बारे में बताएं. नई चीज़ों के बारे में सिखाएं ताकि पैरेंट्स को भी आफ पर विश्वास हो. पैरेंट्स को बताएं कि मोबाइल में वो क्या देखते हैं. पैरेंट्स को ये भी बताएं कि मोबाइल पर कई चीजें मौजूद हैं.

### स्क्रीन लॉक ना करें

पीएम मोदी ने बच्चों को सलाह देते हुए कहा है कि मोबाइल को घर में लॉक ना करें. इससे पैरेंट्स आप पर विश्वास करेंगे. अगर आप कुछ गलत नहीं कर रहे हैं तो छिपाने की भी जरूरत नहीं है. कोशिश करें कि मोबाइल का इस्तेमाल करने के बाद आप वैसे ही रखें ताकि घर वाले आप पर और विश्वास करें.

हंसी मज़ाक करें. इस समय घर के सभी सदस्य अपने अनुभव साझा करें. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'अगर भाजपा को वोट नहीं दिया तो आपके घर ईडी-सीबीआई भेज दी जाएगी', ममता का सरकार पर बड़ा आरोप



कूच बिहार/सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर लोगों को धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'भाजपा लोगों को डरा रही है। वह कह रही है कि अगर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं दिया तो उनके घरों में केंद्रीय जांच एजेंसियां भेज दी जाएंगी।' तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कूचबिहार में स्थानीय लोगों, विशेषकर राजबंशियों को सलाह दी कि वे यह सुनिश्चित करें कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम या सीएए से खुद को बचाने के लिए उनके नाम मतदाता सूची में हों।

ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वह लोगों को फोन पर धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने पार्टी को वोट नहीं दिया तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों को उनके घर भेज दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्हें भगवान की पूजा करने के लिए भाजपा के किसी भी आदेश की जरूरत नहीं है। वे ऐसे किसी भी न्योते या निर्देश को ठुकराने से घबराएंगी नहीं। उन्होंने कहा कि मैं रामायण, कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहिब का पालन करती हूं। मैं गरीब लोगों के घर जाकर बाहर से आया खाना खाकर नाटक नहीं करती। बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र लोकसभा चुनाव से पहले राजनीति करने के लिए सीएए का मुद्दा उठा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री के बयान के बाद राजनीति तेज

इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शांतनु ठाकुर ने दावा किया कि सीएए अगले सात दिनों के भीतर पूरे भारत में लागू किया जाएगा। ठाकुर ने दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में कहा कि अगले एक सप्ताह के भीतर, सीएए न केवल पश्चिम बंगाल में बल्कि पूरे देश में लागू किया जाएगा।

### बीएसएफ को भी घेरा

कूचबिहार में कार्यक्रम में बोलते हुए ममता बनर्जी ने बीएसएफ पर लोगों को प्रताड़ित करने और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अलग पहचान पत्र जारी करने का भी आरोप लगाया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कितनी भी बिजली खर्च करो, बिल जीरो रुपए ही आएगा; दिल्ली की केजरीवाल सरकार लाई खास नीति



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली के सोलर नीति 2024 को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने देश की सबसे बेहतरीन सौर ऊर्जा नीति 2024 तैयार की है। यह ऐसी नीति है, जिससे दिल्ली सरकार बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होगी और इससे लोगों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

### बिजली का बिल आएगा शून्य

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि नीति के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाने वालों को सरकार प्रोत्साहन देगी। इससे बड़ा लाभ यह होगा कि जो लोग अपने अपने घरों पर सोलर पैनल लगाएंगे और उनका 201 यूनिट से अधिक बिजली खर्च आता है, तो उनका भी बिजली का बिल शून्य हो जाएगा।

### चार साल में लिया जाएगा पैसा

सरकार की ओर से बताया गया कि अभी सरकारी इमारतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए जा रहे हैं। मगर लोगों में अभी उतनी जागरूकता नही है, अब इसे बढ़ाया जाना है। इससे पहले 2016 में सौर ऊर्जा नीति लाई गई थी, जिसे देश की सबसे प्रोगेसिव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी ने डीएमएफ और कस्टम मिलिंग घोटाले में दर्ज की एफआईआर: 40 प्रतिशत का हुआ खेल



रायपुर। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के समय हुए घोटालों की जांच में तेजी आई है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के आवेदन पर अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने कस्टम मिलिंग और डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) घोटाले में दो नई एफआइआर दर्ज की है। ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी-इकोनामिक आफेंस विंग ने आईएएस रानू साहू समेत कई आइएएस-आइपीएस का दोनों मामलों में नाम दर्ज किया है। प्रतिवेदन के अनुसार पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कोरबा जिले में डीएमएफ के पैसों का बड़े पैमाने पर बंदरबांट किया गया है। इस अनियमितता में तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू समेत अनेक विभागीय अफसर भी संलिप्त पाए गए हैं।

शिकायत के मुताबिक कई टेंडर्स में अफसरों को सीधे-सीधे 40 प्रतिशत रकम पहुंचाई गई है। इतना ही नहीं बल्कि एक निजी कंपनी को भी इन निविदाओं के लिए 15 से 20 प्रतिशत अलग-अलग दरों से कमीशन दिया गया है। इसी तरह प्रदेश के कई जिलों में डीएमएफ में भारी वित्तीय अनियमितता बरतकर शासन को नुकसान पहुंचाया गया है।

### कई गुना ज्यादा दामों के बिल पास किए गए

प्रतिवेदन के मुताबिक, कोरबा में तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू के साथ अफसरों ने निविदा भरने वाले के साथ सांठ-गांठ की। डीएमएफ के पैसों से कराए जाने वाले कामों की निविदाओं के आबंटन में बिल पास कराने के लिए, सामानों के वास्तविक मूल्य से कई गुना ज्यादा दाम के बिल पास किए गए। जिन ठेकेदारों को इन अफसरों ने लाभ पहुंचाया उनमें संजय शेण्डे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, रिषभ सोनी और बिचौलिए मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल, शेखर पर भी अपराध दर्ज किया गया है।

### कस्टम मिलिंग में ऐसे चला खेल

प्रवर्तन निदेशालय रिपोर्ट पर यह पाया गया कि छत्तीसग़ढ़ में विभिन्न राईस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआइ में जो कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता है। इस प्रकिया में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार कर प्रति क्विंटल के हिसाब से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सरकार ने सिमी पर पांच वर्ष के लिए प्रतिबंध लगाया




नयी दिल्ली । सरकार ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे पांच वर्ष के लिए 'विधि विरुद्ध संगठन' घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि सिमी को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत पांच साल की अवधि के लिए विधिविरूद्ध संगठन घोषित कर दिया है। सिमी पर इससे पहले पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी 2019 को लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि सिमी, देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में लगा है जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

सावधान: दवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा रखने वाले अचंभित

# बीपी, खांसी, डायबिटीज, बुखार जैसी बीमारियों के सेम्पल फेल हुवे

**देश के अनेक राज्यों में 38 प्रकार की दवाओं के सेम्पल फेल हुवे**

नई दिल्ली। सेन्ट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कन्ट्रोल आरगेनाइजेशन की जांच में हिमाचल प्रदेश में 25 दवाओं की फैक्ट्रियों द्वारा निर्मित 40 दवाएं और इंजेक्शन की गुणवत्ता सब स्टैण्डर्ड की देखने को मिली थी। जिन दवाओं की गुणवत्ता के मापदण्ड भी पास नहीं हुवे, वे दवाएं बनायी गई और नतीजा खराब निकला।

ये दवाएं अस्थमा, बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, एलर्जी, खांसी, एंटीबाइटिक, ब्रोसांइटीज और गेस्ट्रीक के इलाज में उपयोग में लायी जाती थी, जिसमें इंजेक्शन भी शामिल है। इसके अलावा, केल्सियम सप्लीमेंट सहित मल्टीविटामीन की भी जांच हुई और उसके सेम्पल भी फेल हो गए। वास्तव में सेन्ट्रल ड्रग स्टैण्डर्ड कन्ट्रोल आरगेनाइजेशन ने दिसम्बर माह में ड्रग एलर्ट इशु किए थे, उसमें इसकी स्पष्ट जानकारी दी गई थी। इसके सब स्टैण्र्डड होना प्रभावित हुआ, तब सभी दवाओं का उत्पादन बढ़ी, बरोटीवाला, नालागढ़, सोलन, कालाअंब, पार्वट साहिब, संसापुर, टेरेस स्थित दवा उद्योगों में किया गया था। इसके अलावा उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, मुंबई, तेलंगाना, दिल्ली स्थित दवा उद्योगों में निर्मित हुई 38 प्रकार की दवाओं के सेम्पलों की भी जांच के दौरान गुणवत्ता विहीन साबित हुई। ड्रग एलर्ट में शामिल 25 दवाएं की कम्पनियों के उत्पादन जांच अधीन है। जिनमें से बहुत सी कम्पनियों की दवाएं के सेम्पल्स बारम्बार फेल हो रहे हैं।

ड्रग स्टैण्डर्ड कन्ट्रोल आर्गेनाइजेशन के द्वारा दी गई रिपोर्ट ड्रग एलर्ट में सब स्टैण्डर्ड ने सार्वजनिक की दवाओं में से 50 प्रतिशत से अधिक दवाओं का उत्पादन हिमांचल की दवा कम्पनियों ने किया है। उल्लेखनीय है कि सी.डी.एस.सी.ओ. ने दिसम्बर माह में देश के अलग-अलग राज्यों में 1008 दवाओं के सेम्पल इकठ्ठे किए गए थे। लेवोरेटरी की जांच के दौरान उनमें 78 दवाओं के सेम्पल सब स्टैण्डर्ड होनें की जानकारी प्राप्त हुई थी। जब कि, 930 दवाओं की जांच मापदण्ड के अनुरूप सही पायी गई थी।

# केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है - राहुल गांधी



किशनगंज । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है जबकि उनकी पार्टी मुहब्बत, इज्जत एवं भाईचारे की बात करती है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत किशनगंज पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने खगड़ा स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नफरत और हिंसा की राजनीति करती है । देश को बांटने की बात करती है। उन्होंने कहा, हम मोहब्बत इज्जत भाईचारे की बात करते है। केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है। श्री गांधी ने देश के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारियों पर लगाए जात-पात के आधार पर निर्णय लेने के आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में बैठे 90 आईएएस अफ़सर जो देश के लिए नीतियों और बजट का निर्धारण करते है। वो पिछड़ी जातियों के लिए भेदभाव करते हुए उन्हें 100 रुपये में सिर्फ़ 5 प्रतिशत हिस्सा देते है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए हैं। जहां लोगों की हिंसा में लगातार जान जा रही है। उन्होंने देश में जाति जनगणना कराने की मांग की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईडी ने 10 घंटे में लालू से पूछे 60 सवाल, आज तेजस्वी की बारी; पुत्री मीसा के मनाने पर शांत हुए कार्यकर्ता



पटना। जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद से दस घंटे से अधिक पूछताछ की। सुबह से शुरू हुआ सवालों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान लालू प्रसाद की पुत्री और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती ईडी कार्यालय के बाहर इंतजार करती रही। उनके साथ राजद के तमाम वरिष्ठ नेता और समर्थक भी डटे रहे। शाम ढलने के बाद राजद समर्थकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा में सीआरपीएफ को तैनात करना पड़ा। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिए गए समन के बाद सोमवार की सुबह करीब 11 बजे राजद प्रमुख लालू यादव जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर को निकले। उनके साथ पुत्री मीसा भारती भी थी।

### कार के आगे लेट गए थे कई कार्यकर्ता

बैंक रोड स्थित ईडी दफ्तर के बाहर जब लालू पहुंचे यहां पहले से ही राजद नेता-समर्थकों की भीड़ जुट चुकी थी। अपने नेता को आते देख कई समर्थक कार के आगे ही लेटे गए। बहुत समझा-बुझाकर इन्हें हटाया गया। ईडी कार्यालय में मीसा भारती को प्रवेश करने से रोक दिया गया। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को बताया उनके पिता बीमार हैं और उठने बैठने में उन्हें परेशानी होती है। साथ ही समय-समय पर दवाएं भी देनी होती हैं। मीसा से दवाओं का समय लेकर ईडी अधिकारी लालू प्रसाद को लेकर अंदर चले गए। लेकिन, मीसा और राजद समर्थक दफ्तर के सामने बने दादी जी मंदिर में ही डटे रहे।

### लालू ने कई सवाल टाले

ईडी सूत्रों ने बताया कि जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में लालू प्रसाद से पूछताछ के लिए ईडी की टीम ने करीब 60 सवालों को सूचीबद्ध किया था, जिसे बारी-बारी से लालू प्रसाद के सामने रखा गया। कुछ सवालों के जवाब लालू प्रसाद ने सहजता से दिए, जबकि कुछ जवाब यह कहकर टाल दिए कि उन्हें याद नहीं। पूछताछ का समय जैसे जैसे बढ़ रहा था ईडी कार्यालय के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। शाम ढले सुरक्षा कारणों से प्रवर्तन निदेशालय के सीआरपीएफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा ने शुरू की लोकसभा चुनाव की तैयारी: सीएम साय आज करेंगे केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी कार्यकर्ता चुनाव तिथि की घोषणा से पहले ही लोकसभा क्षेत्रों में उतरकर कार्य करने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे रायपुर में राजभवन के पास भाजपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, विधायक पश्चिम राजेश मूणत, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू सहित भाजपा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाएंगे। सबका साथ, सबका, विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम करेंगे। रायपुर लोकसभा के प्रभारी संदीप शर्मा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव में हमारा लक्ष्य गत चुनाव में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कृष्ण जन्मभूमि मामले में अदालत का बड़ा फैसला, ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सर्वे पर रोक जारी रहेगी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और इसके बगल में बनी ईदगाह को लेकर जारी भूमि विवाद पर अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा, फिलहाल ईदगाह कॉम्पलेक्स के सर्वे पर लगी रोक यानी स्टे ऑर्डर प्रभावी रहेगा। अदालत में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की तरफ से दायर याचिका पर आगे की सुनवाई अप्रैल के पहले हफ्ते में होगी।

### अगले तीन महीने में सभी दलीलें पेश करने का निर्देश

मथुरा के बहुचर्चित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, हाईकोर्ट की तरफ से पारित अंतरिम आदेश जहां भी दिए गए हैं, शीर्ष अदालत का अंतिम फैसला आने तक वही प्रभावी रहेंगे। अप्रैल, 2024 में मामले को फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए अदालत ने मुकदमे में शामिल सभी पक्षों को अगले लगभग तीन महीने में दलीलें पूरी करने का निर्देश भी दिया। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी सभी याचिकाओं पर अप्रैल में एक साथ सुनवाई होगी। बता दें कि विगत 16 जनवरी को पारित आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी। हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर, 2023 को पारित आदेश में कहा था कि कोर्ट की निगरानी में शाही ईदगाह मस्जिद कॉम्पलेक्स का सर्वे कराया जाए। सर्वे की निगरानी के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए जाने पर भी रोक लगाई गई है। मुकदमे से जुड़े हिंदू पक्षकारों की दलील है कि मस्जिद परिसर में कई ऐसे चिह्न मौजूद हैं, जिनसे प्रमाणित होता है कि इतिहास में यह मंदिर था।

स्टे ऑर्डर जारी रखने के आदेश के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि हाईकोर्ट में लंबित टाइटल सूट पर सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिविल प्रोसीजर कोड (सीपीसी) के ऑर्डर 7 नियम 11 के तहत हाईकोर्ट में भूमि विवाद पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम बघेल से किया जवाब-तलब, 26 फरवरी को सुनवाई

बिलासपुर। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की याचिका पर पाटन सीट से निर्वाचित विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। विजय बघेल ने आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप लगाया है। अब इस मामले में आगामी सुनवाई 26 फरवरी को तय की गई है ।

विधानसभा चुनाव 2023 के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ चुनावी याचिका दायर करते हुए पूर्व सीएम के निर्वाचन को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में विजय बघेल ने आरोप लगाया है कि पाटन क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। भाजपा का आरोप है कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद पाटन विधानसभा सीट में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए रैली का आयोजन किया गया था। इसकी शिकायत चुनाव आयोग से भी की गई है। इस संबंध में रोड शो कार्यक्रम की एक सीडी भी दी गई है।

याचिका में भाजपा उम्मीदवार ने कहा है कि 16 नवंबर 2023 को पाटन विधानसभा सीट में चुनाव प्रचार किया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के लिए 15 नवंबर की शाम को प्रचार अभियान खत्म हो गया था। पाटन विधानसभा सीट में भी दूसरे फेज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आगे नहीं बढ़ेगी धान खरीदी की तारीख, टारगेट से ज्यादा हुई धान खरीदी

**परिवहन में भी आई तेजी.... दो दिन में पूरा हो जाएगा खरीदी का काम**

राजनांदगांव (दावा)। पूरे प्रदेश सहित अविभाजित राजनांदगांव जिले में एक नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी का कल 31 जनवरी को अंतिम तारीख पूरा होने जा रहा है।

31 जनवरी की शाम तक किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी के बाद कार्य समेट लिया जाएगा। हालांकि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद किसानों से समर्थन मूल्य में की गई 100 रूपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी व प्रति एकड़ एक क्विंटल की वृद्धि के बाद केन्द्रों में धान की आवक बढ़ गई थी। धान खरीदी लक्ष्य के पार जा रहा था।

कई किसान बढ़े हुए एक क्विंटल अतिरिक्त धान को बेचने की जुगत में भी थे। इसकी वजह से जिला सहकारी कर्मचारी संघ व किसानों द्वारा धान खरीदी की तारीख को 15 फरवरी तक आगे बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी किन्तु ऐसा कुछ होते नजर नहीं आ रहा है। जिला सहूकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी ने बताया कि धान खरीदी को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। क्योंकि अभी तक इस सम्बंध में शासन का कोई निर्देश नहीं आया है। लिहाजा 31 जनवरी तक ही किसानों से धान खरीदी की जाएगी।

## धान खरीदी पर एक नजर

बताते चले कि शासन ने जिले में 64 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा था जबकि लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 67 लाख क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। खरीदी बंद होने के दो दिन पहले तक राजनांदगांव जिले में 29 जनवरी को 121659 किसानों से 6851504 क्विंटल धान खरीदा गया। जिसमें परिवहन 5324105.40 क्विंटल की हुई है। इसी तरह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 63705 किसानों से 3718215.20 क्विंटल धान खरीदा गया है। वही यहां परिवहन की स्थिति 2559848.40 क्विंटल की रही। वंनाचल क्षेत्र के मानपुर-मोहला-अं. चौकी जिले में 38905 किसानों से कुछ 2066620.80 क्विंटल धान खरीदी किया गया। जबकि परिवहन मात्र 1110173.48 क्विंटल का हुआ है।

उक्तानुसार देखा जाए तो तीनों जिले में अबतक 224269 किसानों से 12638340 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है लेकिन परिवहन मात्र 8994127.28 क्विंटल धान का हुआ है। वैसे अभी भी 3644213 क्विंटल धान केन्द्रों में जाम पड़ा है जिला सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि परिवहन में थोड़ी तेजी आई है। केन्द्रों में जाम धान जल्दी ही उठा लिए जाएंगे।

### धान बेचने से वंचित किसान

बता दे कि एक नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद भी जिले में करीब 9 हजार पंजीकृत किसानों ने एक बार भी धान नहीं बेच पाया है। जबकि जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 2.29 लाख है। इनमें से साढ़े आठ हजार किसानों ने अगले दो दिनों में अपनी उपज बेचने के लिए टोकन लिया है। इन किसानों द्वारा साढ़े तीन लाख क्विंटल धान बेचा जाएगा।

### इन केन्द्रों में खरीदी पूरी

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लाक के ठाकुरटोला, भोथली पनियाजोब, बोरतालाब सहित अन्य ब्लाकों के कई उपार्जन केन्द्रों में आज 30 जनवरी को ही खरीदी पूरी कर ली जाएगी। बचे खुचे स्थानों में सोमवार 31 जनवरी की अंतिम तिथि तक पूरा कर लिया जाएगा। जिले के सभी केन्द्रों में खरीदी का काम पूरा कर लिए जाने के बाद भी किसान संघ व कांग्रेस सहित किसान नेताओं की ओर से खरीदी तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग उठने लगी है। जबकि बताया जा रहा है कि ऐसा कोई निर्देश शासन की ओर से नहीं आने पर खरीदी आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

## पहला कॉलम...

### सुरगी में 18 फरवरी को कोसरिया यादव समाज द्वारा गीता जयंती का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सुरगी में सिंगदई सर्किल में कोसरिया यादव समाज की बैठक आयोजित किया गया जिसमें समाज द्वारा 18 फरवरी को गीता जयंती मनाने का निर्णय लिया, सिंगदई सर्किल के अध्यक्ष बिसारद यादव ने बताया, इसमें जिले भर के यादव सम्मिलित होंगे जिसमें समाज के बुजुर्गो का जनों का सम्मान किया जाएगा। मेधावी छात्राओं का भी सम्मान किया समाज से जुड़ी कलाकारों का सम्मान किया जाएगा साथ यानी के प्रकार के कार्यक्रम भी रखा गया है। इस कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी पहुंचेंगे। समाज से जुड़े सभी प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा, जिसमें आसपास 25-30 गांव के यादव सम्मिलित होंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए।

### बिहार में नीतीश का पाला बदलना जनतंत्र के लिए कुठाराघात - रोशनी सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव श्रीमती रोशनी सिन्हा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा आरजेडी से गठबंधन तोड़ कर बीजेपी के साथ मिल कर पुनः सरकार बनाना जनता के पीठ में छुरा घोपने के समान है चूंकि आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बनाया था तब उन्होंने स्पष्ट कहा था मरना कुबूल मगर बीजेपी के साथ जाना कुबूल नही, बीजेपी के साथ मिलकर कोई भी काम नहीं करूंगा मगर आज सरकार बनाते समय याद नहीं आई, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था नीतीश कुमार के लिए बीजेपी के सारे रास्ते बंद हो गए है मगर ऐसा क्या मिल गया जिसमें फिर से नीतीश के लिए सारे रास्ते खोल दिए गए, बिहार की जनता पूछ रही है। इस प्रकार के बार-बार दल बदलकर आपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा है जरा भी जनमत का ख्याल नहीं ऐसे महात्वाकांक्षी नेताओं के वजह से लोकतंत्र बदनाम हो रहा है। इंडिया गठबंधन के साथ नहीं जाना था तो कहीं कोई बात नहीं परन्तु तत्काल निर्णय लेकर लोकतंत्र का गला घोंटकर बिहार की जनता का अपमान किया जा रहा है कब तक बर्दाश्त किया जाएगा, बिहार की जनता कमजोर नहीं है लोकसभा चुनाव में जरूर मजा बताएगी।

### संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना गणतंत्र दिवस



राजनांदगांव(दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं गांधी जी को माल्यार्पण एवं पूजन से किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा ध्वाजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे का सम्मान किया एवं महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा राष्ट्र को संबोधित करते हुए भाषण दिए गए व प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भेड़ीकला में मन की बात सुनी



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भेड़ीकला में मोदी जी की मन की बात का श्रवण करते हुए सरपंच कृष्णा साहू, उपसरपंच अजीत राम देवांगन, प्रवीण देवांगन, रमेश यादव, शिव यादव, अंबिका साहू, श्रीमती लीला ठाकुर, श्रीमती भोज साहू, श्रीमती देना साहू प्रदीप कुमार साहू आदि ग्राम भेड़ीकला में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का श्रवण कर उनके बताए बातों को अमल करने का संकल्प लिया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
फाइटर
कलाकार - ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, अक्षय आलेराय, करण सिंह ग्रोवर आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN SILVER SCREEN Multiplex
27th Jan to 28th Jan 2024



Fighter - 12:15, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Hanu-man - 06:15 and 09:15
Dulha Raja (Chhattisgarhi) - 12:00 and 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

## डेंटल एसो. के स्थापना समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



राजनांदगाव (दावा)। होटल अवाना में इंडियन डेंटल एसो. राजनांदगाव ब्रांच का स्थापना समारोह का आयोजन हुआ जिसमें स्टेट डेंटल एसोसिएशन से डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. विवेक लाठ, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. प्रणव पांडेय शामिल हुए एवं जिले के सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि रहे और डेंटल एसोसिएशन के सत्र 2024 के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और निष्ठा और एकता के साथ एसोसिएशन का कार्यभार सम्हालने की शपथ दिलाई।

डॉ. शारदा साहू -अध्यक्ष, डॉ. महेश मोटलानी-सचिव, डॉ. रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर-कोषाध्यक्ष, डॉ. मनीष शर्मा एवं डॉ. मंजरी गाँधी -उपाध्यक्ष, डॉ. अंकुर प्रिथिआनी एवं डॉ. नीतू सिंह ठाकुर-सह सचिव, डॉ. सुबोध गुप्ता-संपादक/मीडिया प्रभारी, डॉ. मनूप्रीत कौर -प्रेसिडेंट इलेक्ट, डॉ. प्रशांत कोठारी, डॉ. रीमा प्रिथिआनी, डॉ. प्रतीक ललवानी, डॉ. अरिहंत गोलछा, डॉ. जय टांक, डॉ. सपना लाल, डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. भूमिका भावे, डॉ. प्राप्ति बरडिया ने अन्य पदों की शपथ ली।

शपथ ग्रहण के बाद एसोसिएशन के सभी सदस्यों का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. शारदा साहू एवं सचिव डॉ. महेश मोटलानी ने सदस्यों को सम्बोधित करते हुए इस सत्र में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई तथा सभी को नए उत्साह और जोश के साथ सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर संगठन को एक नए शिखर पर लाने के लिए प्रेरित किया।

## बच्चों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और समाजसेवा के लिए सम्मानित हुए विपिन

**जिला प्रशासन ने मुख्य समारोह में किया सम्मानित**



राजनांदगांव (दावा)। बच्चों के संरक्षण और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय विपिन ठाकुर को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने प्रशस्ती पत्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया है। श्री ठाकुर की कर्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उनके समर्पण और दायित्वों के निर्वहन की प्रशंसा की गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया।

विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये। जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए गए विपिन ठाकुर लंबे समय से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, पुलिस विभाग, यूनिसेफ, कॉउंसिल फॉर सिक्योर जस्टिस, महिला बाल विकास संचालनालय, महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने वर्षों से इन विभागों में अलग राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किए हैं और ये क्रम अनवरत जारी है। वे कई विषयों के विशेषज्ञ हैं जिनकी सेवाएं समय-समय पर सरकार व शासकीय विभाग लेते हैं।

गौरतलब है कि, बच्चों के संरक्षण और विकास के लिए काम करते हुए विपिन ठाकुर ने बच्चों के मेंटल हेल्थ पर काम करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के कई सफल प्रयास किए हैं। आत्मघाती सोच से जूझ रहे किशोरों को उन्होंने सामान्य जीवन में लाने के लिए भी कई तरह के कार्य और काऊंसलिंग के माध्यम से उनकी मदद की है। यह भी उल्लेखनीय है कि वे अब तक 40 से अधिक बार बच्चों को रक्तदान कर चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर 2023 को इंडिया सोशल इम्पेक्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें सम्मानित किए जाने पर शहर के वरिष्ठजनों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व पत्रकारों सहित सभी वर्ग के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विपिन ठाकुर ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया है।

## नगर निगम जनदर्शन में अधिकारियों ने सुनी समस्या, 12 आवेदन प्राप्त



राजनांदगांव (दावा)। 29 जनवरी नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये।

आज के जनदर्शन में लोककर्म, जल, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास तथा राशन कार्ड संबंधी 12 आवेदन प्राप्त हुये। नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री अग्रवाल के आदेशानुसार एवं आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर इस सोमवार नगर निगम के सभागृह में प्रातः 10.:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 12 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल के 1, लोककर्म के 3, अतिक्रमण के 6, प्रधानमंत्री आवास योजना के 1 एवं राशन कार्ड के 1 इस प्रकार कुल 12 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा। जनदर्शन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है।

जनदर्शन में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उनके समस्या का निराकरण होने के साथ-साथ उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनदर्शन में प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंड्री में 23 फरवरी को मितान लोक कला महोत्सव

**छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे**

राजनांदगांव (दावा)। 29 जनवरी मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के तत्वाधान में आगामी 23 फरवरी को सुकुल दैहान के समीपस्थ ग्राम पेंड्री में पांचवा मितान लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश मारू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनकारी लोककला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए मितान द्वारा विगत चार वर्षो से प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में मितान लोककला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष पांचवा मितान लोक कला महोत्सव का आयोजन सुकुल दैहान के समीपस्थ ग्राम पेंड्री में 23 फरवरी को शाम 7.00 बजे से प्रारंभ होगा। मितान महोत्सव में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय लोक कलाकार अपनी-अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोक कला और संस्कृति को परिभाषित करने वाले लोकगीत, लोकसंगीत और लोकनृत्य के माध्यम से अपनी नैनाभिराम प्रस्तुति देंगे। मितान लोककला महोत्सव पहली बार छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, श्रृष्टि देवांगन अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध हास्य कलाकार हेमलाल कौशल अपनी कामेडी से दर्शकों को गुदगुदाएंगे।

**छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार भी जलवा बिखेरेंगे**

महोत्सव में संगीत संयोजन उग्रसेन देवदास और कुलदीप सार्वा का होगा। पांचवें मितान लोक कला महोत्सव में इस बार सुप्रसिद्ध जस गीत गायक दुकालू यादव, लोकगीत गायक कुलेश्वर ताम्रकार, अनुराग शर्मा, महादेव हिरवानी, हिरेश सिन्हा, हिमेंद्र सेन, स्वर कोकिला श्रीमती कविता वासनिक, मोना सेन, रजनी रजक, कंचन जोशी और महक रात्रे जहां अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे वहीं छत्तीसगढ़ के अनेक मंझे हुए लोक कलाकार भाव नृत्य प्रस्तुत करेंगे। मितान के अध्यक्ष राजेश मारू, उपाध्यक्ष महादेव हिरवानी, सचिव विष्णु कश्यप, संयुक्त सचिव वीरेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष महेश्वर दास साहू, वरिष्ठ गीतकार हर्ष कुमार बिंदु और दीपक महोबिया समेत मितान की पूरी टीम इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए की जान से जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और लोक कला में रुचि रखने वाले सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर गीत संगीत का लुत्फ उठाने की अपील की है।

## बजरंग व्यायाम शाला में सूर्यकांत जैन ने किया ध्वजारोहण




राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पुराना गंज चौक स्थित बजरंग व्यायाम शाला द्वारा राष्ट्रीय पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के सचिव चंद्रभूषण गायधने ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 9:00 बजे व्यायाम शाला प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बजरंग व्यायाम शाला के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने झंडा फहराया। इसके पूर्व महात्मा गांधी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई।

स्वागत भाषण बजरंग व्यायामशाला के अध्यक्ष कैलाश राठी ने दिया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्यकांत जैन ने अपने उद्बोधन में बजरंग व्यायाम शाला के सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि समिति के सभी सदस्य विगत 27 वर्षों से राष्ट्रीय पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं ,जो की उनकी अपने देश और संविधान के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है। सूर्यकांत जैन ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन 75 वर्ष पूर्व हमारे देश ने अपने संविधान को अंगीकार कर देश में लागू किया था । जो कि विश्व का सबसे बड़ा एवं लिखित संविधान है ,जिसमें समाज के हर वर्ग के लिए उचित स्थान और अधिकार सुरक्षित है। इसी के अंदर हमारी न्यायपालिका लोकतंत्र एवं कार्यपालिका के कार्य अधिकार एवं कर्तव्य की शक्ति निहित है। हमें अपने संविधान पर गर्व है जैन ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता का संदेश देने के लिए बहुत ही जरूरी है इन्हीं शब्दों के साथ वह उपस्थित गंज चौक के सभी सम्मानित रहवासी जय बजरंग हमाल संघ के सभी साथियों एवं बजरंग व्यायाम शाला के सभी युवा साथियों को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थितजनों का मुंह मीठा कराकर बधाईयां दी गई एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से जवाहर हटवार, महेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मोहन चुनूरकर, संजू गायधने, संतोष हटवार, सुबोध जैन, घनश्याम श्रीरंग, किशन तराने, आलोक जैन, गोलू विश्वकर्मा, युसूफ खान, रमेश मेश्राम, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, अल्लू सोलंकी, पप्पू मेश्राम, शक्ति साहू, शंभू मेश्राम, रितेश साहू, क्रांति साहू, लक्ष्मण श्रीरंग, गोविंद साहू, मयंक मीरानी, मनोज विश्वकर्मा, लक्ष्य मिश्रकर, हार्दिक सिंह, हर्ष तराने, मोइन खान, दुर्गेश सोनकर, पप्पू मेश्राम, हमला संघ के साथी खमन साहू, अंशु साहू, नंदू साहू, रूपेश साहू, बहादुर मेश्राम, भागचंद निषाद ,संजय ठाकुर, निरहू साहू, भूषण साहू, सुदामा साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी राष्ट्रीय पर्व के गरिमामय आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष कैलाश राठी एवं आभार प्रदर्शन बजरंग व्यायाम शाला के कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल ने किया। उक्त जानकारी सचिव चंद्रभूषण गायघने ने दी।

### आज अछोली में मंडई

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली के नया अछोली में आज 30 जनवरी दिन मंगलवार को स्कूल मैदान नया अछोली में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है व रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए तुमड़ीबोड तिलईरावर वाले लोगों का शानदार छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-7
568-9 489-1

राजधानी
1-5-7
779-3 170-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कृपाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स 7/जे- हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया, हथखोज मिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने आशुतोष आ. ललित कुमार ताम्रकार निवासी ग्राम पचपेड़ी तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 225, 226, 214/2 228/1 215/1 रकबा क्रमशः 0.51, 1.52, 0.16, 0.30, 0.60 एकड़ कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 3.09 एकड़ स्थित ग्राम पचपेड़ी प. ह. नं. 16 रा.नि.मं. घुमका तहसील व जिला राजनांदगांव को क्रय करने का सौदा किया है और सौदा पेटे बयाना राशि भुगतान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है। उक्त सौदाशुदा भूमि का अब मात्र पंजीयन कार्यालय राजनांदगांव से पंजीकृत बयनामा निष्पादित कराना शेष है। उक्त सौदाशुदा भूमि के संबंध में यदि किसी आम या खास शख्स अथवा शासकीय/अर्द्धशासकीय/निकाय/संस्था, इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर आपत्ति हो तो सक्षम दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उपर वर्णित सौदाशुदा भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार से आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निष्प्रभावी माना जावेगा। अतः सूचना जाने।

राजनांदगांव
दिनांकः-29/01/2024

जी. डी. साहू, अधिवक्ता
बल्देव बाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. नं.- 9907979554

# साहू समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का परिवारिक नववर्ष मिलन व वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

## निःशुल्क कोचिंग से सर्व समाज लाभान्वित, भागवत साहू ही जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष-टहल साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में जिला साहू सदन में रविवार को प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू के गरिमामय आतिथ्य में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा परिवारीक नववर्ष मिलन, वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ भक्त कर्मा माता व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र में माल्यार्पणकर, चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर के किया गया साथ ही सामाजिक झंडा का ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू का जिलाध्यक्ष भागवत साहू, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत, सचिव मिलन साहू, संगठन सचिव माधव साहू, जिला महामंत्री नीलमणी साहू आदि के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर चंदन तिलकाभिषेक कर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अफसरों नवचयनित अधिकारी एवं कर्मचारियों, निःशुल्क कोचिंग से लाभान्वित महिलाओं, विद्यार्थियों का, खेल के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रहे हॉकी के क्षेत्र में भूमिक्षा साहू के पिता काऔर फ्लोरबाल अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर-राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सांईका साहू के पिता अंकालू साहू का सम्मान किया गया। सनद रहे कि वर्तमान में भूमिक्षा साहू ग्वालियर ऐकेडमी में प्रशिक्षणरत् है तो वहीं सांईका साहू चेन्नई में चल रहे यूथ गेम्स 2024 में फ्लोरबाल खेल में हरियाणा की टीम से शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टहल साहू ने अपने अतिथि उदबोधन में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा बिना भेदभाव के सर्व समाज के छात्र छात्राओं के लिए साहू सदन में चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत करने के लिए जिला साहू संघ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू एवं पूरी टीम की भूरि-भूरि सरहाना की तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की ओर से रचनात्मक कार्य हेतु बधाई दी। समाज में ला रहे बदलाव के बारे में कहा कि किन्हीं कारणों से विधवा हो जाने से जो वर्तमान में कुरितियां हैं जैसे तालाब में ले जाकर महिला का चुड़ी उतारने की प्रथा है, उस पर रोक लगाते हुए, अब सम्मान पूर्वक घर में चुड़ी उतारे जाने की व्यवस्था की दी गई है, उसी तरह बेटे के विवाह में पहले मोर सौंपने पर रोक जैसे कुरीति प्रथा चली आ रही थीं, उस प्रथा को भी समाज जनजागृति लाकर महिलाओं के




सम्मान में अब विधवा माताओं को भी बेटे के शादी में मौर सौंपने का अधिकार दिया गया है।

प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी समाज में जो बदलाव किया जा रहा है, उससे समाज की महिलाओं में एक प्रकार सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर समाज में अन्य कुरीतियों को भी समयानुसार परिवर्तन करने के लिए छत्तीसगढ़ साहू संघ संकल्पित है।वहीं पत्रकारों द्वारा प्रश्न किया गया कि गत दिनों समाज के ही व्यक्ति द्वारा प्रेसवार्ता लेकर चुनाव पद्धति पर आपत्ति जताते हुए दुर्ग स्थित फर्म सोसायटी द्वारा अध्यक्ष पद को शून्य किया गया है, इस पर प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू ने कहा कि कुछ लोग उंगली उठाएं थे और वह मेरी जानकारी में है, मैंने भागवत जी को कहा, मैने लिखित पत्र भी भेजा कि भागवत जी का चुनाव वैध है, मैंने मोती साहू का भी बयान सुना है एक समय वे चुनाव अधिकारी रहें हैं वे प्रदेश साहू संघ में मेरे से पहले पदाधिकारी थे, मैं उनका समर्थन करता हूं। चूंकि भागवत साहू का चुनाव निर्धारित ढंग से प्रजात्रांत्रिक ढंग से चुनाव हुआ है और भागवत साहू यहां के अध्यक्ष हैं, अध्यक्ष रहेंगे और उनको ऐसे करना ही था तो चुनाव के पहले करते हमको शिकायत करता, हम चुनाव रुकवा देते लेकिन ऐसे लोग समाज के अनहित काम करेंगे उनके लिए सामाजिक रिति नीति होगा उसके कार्यवाही करने की बात कही गई।

साहू सदन मे आयोजितअधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा परिवारीक नववर्ष मिलन व वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, रस्सी दौड़, मटका फोड़ आदि खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिए। प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार, प्रोत्साहन स्वरूप नगदी रूपये देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ के जिला प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने दी।

# रेडक्रास में उत्कृष्ट कार्य और समाज सेवा के लिए सम्मानित हुए प्रदीप शर्मा



**जिला प्रशासन ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में किया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस में जिला प्रशासन के मुख्य समारोह में संजय अग्रवाल, कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी की अनुशंसा से 26 जनवरी रेडक्रास में उत्कृष्ट कार्य और समाजसेवा वा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रदीप शर्मा को सम्मानित किया गया। रेडक्रास में उत्कृष्ट कार्य और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रदीप को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया है। श्रीशर्मा की कर्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उनके समर्पण और दायित्वों के निर्वहन एवं स्वास्थ्य गतिविधियों की प्रशंसा की गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये। जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस सम्मानित किए गए प्रदीप शर्मा वर्ष 2020 में कोविड एवं समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ स्तर का बेस्ट वेलेंटायर का पुरस्कार कर सम्मान मिला, साथ ही इसके पूर्व भी प्रभारीमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर श्री शर्मा को जिला स्तर का पुरस्कार मिला है। श्री शर्मा लंबे समय से समाज सेवा, स्वास्थ्य सेवा, निक्ष्य मित्र बन टी बी मुक्त अभियान में सहभागी, रक्तदान कार्यक्रमों, विधिक सेवा, महिला बाल विकास सुपोषण अभियान, महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, खेलकूद व कला, कल्चरल कार्यक्रमों, शिक्षा के साथ, पानी बचाओ अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पंचायती राज गतिविधियों, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, खादी एवं ग्रामोद्योग जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका रहती है।

गौरतलब है कि आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में रोजी रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। साथ ही उन्होंने शासन के राज्य स्तरीय व जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम किए हैं और ये क्रम अनवरत जारी है। श्री शर्मा को जिला पंचायत में फंगसान एस्पार्ट बिहान में विषयों के विशेषज्ञ हैं, जिनकी सेवाएं समय-समय पर सरकार व शासकीय विभाग लेते हैं। श्री शर्मा विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं से जुड़कर किशोरी बालिकाओं, बाल कल्याण, शालात्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं उल्लेखनीय है कि वे अब तक 33 बार रक्तदान कर चुके हैं। श्री शर्मा ने बताया की सीएमएचओ व सचिव डॉ.ए.के.बसोड़ के मार्गदर्शन स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, अंगदान कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमे इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्हें सम्मानित किए जाने पर शहर के वरिष्ठजनों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व पत्रकारों सहित सभी वर्ग के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रदीप शर्मा ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया है।

# 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता

**मेजबान जिला हॉकी संघ की सैफई के हाथों 6-3 गोल से एकतरफा हार, रोमांचक मुकाबले में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी को 3-2 गोल से हराया**



**आज के मैच**

* पहला मैच दोपहर 12.30 बजे से एससीआर कोलकता विरूद्ध सुंदरगढ़ हॉस्टल * दूसरा मैच अपरान्ह 2 बजे से स्पोर्ट्स कालेज सैफई विरूद्ध सेल राउरकेला * तीसरा मैच अपरान्ह 3.30 बजे से नवल टाटा जमशेदपुर विरूद्ध सीटीसी मुम्बई

राजनांदगांव (दावा)। मेजबान जिला हॉकी संघ को आज मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा के हाथों 3 के मुकाबले 6 गोल से पराजित होकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में ही प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। एक अन्य मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी उड़ीसा को रोमांचक मुकाबले में 3-2 गोल से पराजित किया।

दिग्विजय स्टेडियम समिति एवं आयोजन समिति के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच एकतरफा रहा। जिसमें मेजबान हॉकी राजनांदगांव को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा के हाथों 3 गोल के मुकाबले 6 गोल से पराजय का सामना करना पड़ा। मैच के प्रांभ के पहले क्वाटर में 10वें मिनट में सैफई के कप्तान इरफान मोहम्मद ने गोल कर 1-0 से बढ़त बना ली। लेकिन 15वें मिनट में राजनांदगांव के प्रांजल यादव ने गोल कर स्थिति 1-1 गोल पर ला दी। इसके बाद दुसरे क्वाटर में राजनांदगांव के पियूष साहू के गोल से 2-1 की बढ़त बना दी। लेकिन इसके बाद मेजबान टीम के खिलाड़ी बिखरे-बिखरे से खेलने लगे, इसका फायदा सैफई के खिलाड़ियों ने उठाते हुए एक के बाद एक 4 गोल जल्दी-जल्दी कर दिए। ये गोल 28वें मिनट में नितिश यादव 40वें मिनट में रोमिल पॉल 50वें मिनट में नितिश यादव व 53वें मिनट में प्रदीप यादव ने व 54वें मिनट में रोमिल पॉल ने गोल कर मैच 6-2 गोल पर ला दिया। वहीं मैच के अंतिम क्षणों में राजनांदगाव के प्रवीण यादव ने गोल करके अपनी टीम के हार के अंतर को 6-3 गोल पर ला लिया, मगर मेजबान को इस हार से स्पर्धा से बाहर होना पड़ा।

इसके पूर्व खेले गये पहले रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी एसोसिएशन उड़ीसा को 2 गोल के मुकाबले 3 गोल से पराजित किया। मैच में शुरूवाती दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थी। तीसरे क्वार्टर में गंगपुर की टीम 24वें मिनट में मुकेश टेटे व 37वें मिनट में संदीप लकरा के गोल से 2-0 गोल से बढ़त बना ली थी। लेकिन इसके बाद जीएसटी चेन्नई के खिलाडियों ने एक के बाद एक गंगपुर पर आक्रमण प्रारम्भ कर दिया और 43वें मिनट में जोसवा ने 54वें मिनट में सेल्वा कुमार ने गोल कर अपनी टीम को 2-2 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया। मैच का निर्णायक गोल मैच समाप्ति के 10 सेंकेड पूर्व 60वें मिनट मे चेन्नई के बालाजी ने गोल करते हुए अपनी टीम को 3-2 गोल से विजयश्री दिला दी। आज के खेले पहले मैच में राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीएसटी चेन्नई के अरविंदर को और दूसरे मैच में नितीश यादव सेफई उत्तर प्रदेश को नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# आईटीआई में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में मैसर्स स्ट्ररूराइट मेटल बिल्डिंग सिस्टम (यूनिट-2) केएच नंबर 1537 इंडस्ट्रीयल ग्रोथ बोराई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में व्यवसाय फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर (कोपा), मैकेनिक डीजल और अधिकारिक ट्रेडों के अलावा गैस कटर, रिगर, सुपरवाईजर से संबंधित इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

# भाजपा ने सत्ता पर बैठते ही किसानों से किया छल-धनेश पाटिला



**कहा - लोकसभा में भाजपा को इस मुद्दे पर उठाना पड़ेगा नुकसान**

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसानों से एक बार फिर छल करना शुरू कर दिया है। कई साल पहले बोनस के नाम पर छल किया गया था। जिस पर प्रदेश की किसानों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल किया था। अब झूठे वादे करके फिर सत्ता पर काबिज हुई है। सत्ता पर बैठते हैं फिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

चुनाव के समय 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने की बात कहने वाली भाजपा आज अपने वादे से मुकर रही है। किसानों को पिछले 2 साल के बोनस देने के नाम पर लॉलीपॉप पकड़ा दिया है और 3100 क्विंटल की बात आई तो अब तक भुगतान नहीं कर रही है। 2183 रुपये के हिसाब से भुगतान किसानों के खातों में कर रही है। जो किसानों को ठगने जैसा है। राजनांदगांव जिले के किसान तो इस बात को लेकर सख्त नाराज है। कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एक मुश्त भुगतान की बात कहकर तो किस्तों में भुगतान के मूड में दिखाई देती है। वास्तव में किसानों ने भाजपा के दिखाए प्रलोभन में आकर उन्हें सत्ता की चाबी सोपी है। अब खजाना खाली है कि बात कह कर अपने वादे से मुकर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा। प्रदेश भर के किसान बड़े आंदोलन के मूड में हैं और सरकार पर दबाव बनाने की भी तैयारी में है कांग्रेस उनके इस आंदोलन का पूरजोर समर्थन करेगी।

श्री पाटिला ने आगे कहा कि पूर्व में जब कांग्रेस के सरकार बैठी थी तब अपने वादे के अनुरूप किसानों का कुर्सी पर बैठने के एक घंटा के अंदर किसानों का सारा कर्ज माफ कर दिया था। इससे किसानों में खुशी छा गई थी। कांग्रेस इस बार भी कर्ज माफी का वादा किया था। लेकिन दुख की बात यह है कि प्रदेश की किसान भाजपा के बहकावे में आ गए और भरोसे की सरकार पर से उनका भरोसा कम हो गया।

# एनबीआईएस बोरी में परीक्षा पे चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा परीक्षा पे चर्चा लाइव कार्यक्रम में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी के बच्चों ने भी अपनी सहभागिता दी। शाला परिवार द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन को बच्चों के समक्ष प्रदर्शित किया गया।

कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने इस परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बड़े ही धैर्य और अनुशासन से सुना। प्रधानमंत्री के उद्बोधन में परीक्षा के समय बच्चों के मन में फैले डर तथा डर को खत्म करने के लिए अनेकों सवालों के जवाब से बच्चे संतुष्ट नजर आए। यह परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम केवल बच्चों के लिए ही नहीं अपितु पालकों के लिए भी ज्ञानवर्धक रहा, जिससे पालक परीक्षा के समय अपने बच्चों की मदद कर सके। आज के समय में प्रतिस्पर्धा अधिक बढ़ गयी है और साथ ही अवसर भी अधिक है। जिसे उचित मार्गदर्शन के द्वारा ही आसान बनाया जा सकता है। सोशल मिडिया की बढ़ती भागीदारी में भी प्रधानमंत्री ने अपनी जानकारी साझा करी, जो कि बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। नेशनल एजुकेशन पालिसी को भी प्रधानमंत्री ने अपनी चर्चा का विषय बनाया ताकि बच्चों को एनईपी की विशेषताएं समझ आ सकें।

इस परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी विशेष रुप से शाला के बच्चों के साथ उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का पूरा कार्यक्रम सुने एवं बच्चों को प्रधानमंत्री द्वारा कहे वाक्यों को समझाते भी रहे। देश के अनेकों राज्यों से शिक्षकों तथा बच्चों द्वारा पूछे गये अनेकों सवालों से प्राप्त जवाब से निश्चय ही बच्चों को आगामी परीक्षा में आवश्यक लाभ प्राप्त होगा। इस परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोआर्डिनेटर अभिजीत मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी कर बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों पुलिस को हत्थे चढ़े




राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने आनलाइन सट्टा के लिए धोखाधड़ी कर बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफतार किया है और उन्हें न्यायालय ने पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। आरोपी का नाम शहबाज खान पिता सराउद्दीन खान उम्र 26 वर्ष निवासी गोविंदपुरा कालका जी साउथ दिल्ली हाल मुकाम आर.के. नगर जीवन हाईट कॉलोनी रूम नं. 604 व विनायक साहू पिता जयंती साहू उम्र 18 वर्ष 11 माह निवासी गणपति मेडिकल मेन रोड चिखली बताया जाता है।

बता दें कि इस संबंध में प्रार्थी देवलाल साहू पिता मंशाराम साहू उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम गठुला द्वारा 29.जनवरी को थाना हाजिर आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 27. जून को दोपहर करीब 12:00 बजे गणपति मेडिकल वाले का लड़का विनायक साहू पिता जयंती साहू उम्र 18 साल 11 माह निवासी चिखली जिससे मेरा जान पहचान है, उसके द्वारा शासकीय योजनाओं के बारे में बताते हुए, बैंक में खाता खुलवा लो आपके खाते में 1000 रूपये आयेगा बोला एवं मुझे व मेरी पत्नि पूर्णिमा को ममता नगर स्थित केनरा बैंक ले जाकर खाता खुलवाने का फार्म में हस्ताक्षर करवा कर हम दोनों पति पत्नि का फोटो चिपकाया, खाता खुलने के बाद दोनों खाता को विनायक साहू अपने पास रख लिया और बाद में एटीएम को भी रख लिया और 2000 रूपये दिया था। लेकिन पास बुक एवं एटीएम को मांगने पर नहीं दिया व खाता को आटोमैटिक बंद हो जायेगा, बोलकर नहीं दिया। कुछ दिन बाद केनरा बैंक का मैनेजर और बैंगलोर का एक अधिकारी इसके घर आया और आपके खाता नंबर 110130228689 एवं 1101129957977 में करोड़ों रूपये का लेनदेन होना बताया। उक्त खाता में किसी अन्य का मोबाईल नंबर 9993594136 व 9685068522 डालकर धोखाधड़ी करना बताया। प्रार्थी के उक्त से संबंधित रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 60/2024 धारा 420 भादंवि. कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उपरोक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल को जानकारी दी गई तत्पश्चात् उनके मार्गदर्शन मे उन्होंने आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान भेजकर विनायक साहू पिता जयंती साहू को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जहां उनसे पूछताछ किए जाने पर उक्त दोनों खातो का उपयोग शहबाज खान निवासी आर.के. नगर जीवन हाईट्स कॉलोनी के द्वारा किया जाना बताया गया। इस पर मुखबीर सूचना मिलते ही आरोपी शहबाज खान पिता सराउद्दीन खान को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे पूछताछ किए जाने पर उन्होंने आनलाईन सट्टा के लिये फर्जी तरीके से बैंक खाता उपलब्ध कराना स्वीकार किया,। जिसके कब्जे से 05 नग एटीएम कार्ड, 4 नग पासबुक, 2 नग मोबाईल एवं 4 नग सीम कार्ड जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर सोमवार को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। टीआई एमन साहू ने बताया कि आरोपी से जप्त अन्य बैंक खातों के संबंध में जांच की जा रही है, पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर हुए आनंदित



राजनांदगांव (दावा)। नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल, बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक, एन.बी.आई.एस.बोरी, नीरज फाउंडेशन स्कूल, के केजी.1, केजी.2 बच्चों ने क्रमशः माँ पाताल भैरवी मंदिर में माँ कालिका के दर्शन किए एवं उनसे आशीर्वाद लिया।

इसी बीच बच्चों की यकायक मुलाकात राजनांदगांव जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल से हुई। एनबी ग्रुप के बच्चों के अनुशासन को देखकर कलेक्टर भी प्रभावित हुए एवं बच्चों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। तत्पश्चात ग्राम मोहारा में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की शैली देख आश्चर्य चकित होते हुए इसका मजा लिया। तत्पश्चात् वर्मा फार्म हाउस मोहारा पहुंचकर खेल कूद का आनंद सुमधुर गीतों पर डांस कर उक्त शैक्षणिक भ्रमण का लुत्फउठाते झूम उठे। इस अवसर पर शाला संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी मैम एवं नीरज फाउण्डेशन स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रेणु बाजपेयी बच्चों के बीच स्वयं उपस्थित रहे। बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित समस्त स्टाफ के द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर इस भ्रमण का भरपूर मनोरंजन कराया। उक्त अवसर पर नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के समस्त हेडमिस्ट्रेस एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## अनमोल दावा

> श्रद्धा से ज्ञान, नम्रता से मान और योग्यता से स्थान मिलता है यह तीनों मिल जाए तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान मिलता है।

## रेलगाड़ियों की लेटलतीफी से सुविधाओं की खुली पोल, मौसम को वजह बताकर जिम्मेदारी से बचना अनुचित

घने कोहरे और ठंड की वजह से ट्रेनों को चलाने में काफी मुश्किलें आ रही हैं। हाल के दिनों में ट्रेनों की लेटलतीफी, इसके परिचालन में अव्यवस्था और आए दिन होने वाले हादसों से फिर यही सवाल उठा है कि आधुनिकीकरण और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने के दावे के बरक्स भारतीय रेल कहां है। फिलहाल हालत यह है कि राजधानी दिल्ली से खुलने वाली ट्रेनें समय से नहीं खुल पा रही हैं और कई-कई घंटे देरी से चल रही हैं। राजधानी एक्सप्रेस जैसी गाड़ियां भी पंद्रह-सोलह या इससे भी ज्यादा देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचीं। यह माना जा सकता है कि बीते कुछ दिनों से घना कोहरा छाए रहने की वजह से ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है, लेकिन अगर इसके अलावा भी सभी स्तरों पर अव्यवस्था दिख रही हो, तब इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। ऐसी शिकायतों का स्पष्टीकरण प्राकृतिक कारण के रूप में नहीं दिया जा सकता कि यात्रियों के सामने खानपान की मुश्किल पैदा हो रही और ट्रेनों में साफ-सफाई अव्यवस्था का शिकार है। ऐसे में लंबी यात्रा कर रहे लोगों और उनके परिवारों और बच्चों के सामने कैसी समस्या पैदा हो रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। फाग सेफ डिवाइस लगाने पर भी देर से चल रहीं ट्रेनें मौसम की वजह से उपजी मुश्किल एक पहलू जरूर है, लेकिन व्यवस्थागत रूप से प्रबंधन बेहतर हो, तो समस्या और असुविधा कम की जा सकती है। इस मामले में रेलवे में बहुस्तरीय कमी साफ देखी जा सकती है। कहने को बीते कुछ वर्षों में कोहरे के दौरान भी ट्रेनों के परिचालन को सामान्य बनाए रखने के लिए च्फाग सेफ डिवाइसज् यानी कोहरा-रोधी यंत्र के इस्तेमाल की बात कही गई, मगर आज भी अगर गाड़ियां अपने निर्धारित समय से पंद्रह-सोलह या बीस घंटे देरी से चल रही हैं तो इसकी क्या वजह है? क्या ये यंत्र वास्तव में उपयोगी नहीं हैं या फिर ट्रेनों में इसे लगाने और उचित इस्तेमाल को लेकर प्रबंधन के स्तर पर कोई कमी है? ट्रेनों को देर से चलने से कई तरह की समस्याएं आती हैं विडंबना यह है कि जब ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी समस्या गहराने लगती है और इससे जुड़े सवाल तूल पकड़ने लगते हैं, तब सरकार या रेल महकमे की ओर से इसके हल के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और अन्य उपाय करने की बात कही जाती है। मगर कुछ समय बाद फिर आने वाली ऐसी शिकायतें बताती हैं कि आश्वासनों पर अमल की हकीकत क्या है।मैदान पर कोहरा, ठंड से बेहाल पूरा भारत, जानें मौसम का हाल पिछले कुछ सालों में पटरियों और डिब्बों की गुणवत्ता में सुधार से लेकर रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के मामले में तेज आधुनिकीकरण करने का दावा किया गया है। ट्रेनों को हादसे से बचाने के लिए च्कवच प्रणालीज् के सफल परीक्षण की खबरें भी आईं। तेज रफ्तार और आधुनिक तकनीक के साथ अन्य सुविधाओं से लैस ट्रेनों के संचालन की शुरुआत लोगों के बीच उम्मीद जगाने के लिहाज से अच्छी बातें हैं। मगर पिछले कुछ समय के दौरान लगातार ट्रेनों के पटरियों से उतरने की घटनाएं जिस तरह आम हो गई हैं, कई बड़े हादसे सामने आए, वे बताते हैं कि केवल संसाधनों के स्तर पर कमी को दूर करने के दावे से सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाना संभव नहीं है। प्रबंधन के मामले में जब तक कोताही या लापरवाही बरती जाएगी, तब तक यात्रियों को बेहतरीन सुविधा मुहैया कराने की बातें बेमानी ही रहेंगी। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि ट्रेन यात्रा आज लगातार महंगी होती जा रही है और साधारण लोगों के लिए उसमें जगह सिमट रही है। त्योहारों के मौके पर रेलवे स्टेशनों पर जितनी बड़ी तादाद में लोग अपने गांव-घर जाने के लिए जमा होते हैं, उससे पता चलता है कि जरूरत के मुकाबले ट्रेन सुविधाओं की हालत क्या है।

# भ्रष्टाचार, गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की समस्या अभी भी सताती है

### आधुनिक वैज्ञानिक अभिगम अपनाकर आमूल परिवर्तन की महती आवश्यकता
### आजादी के बाद महंगाई की मार सहित विभिन्न समस्याओं में फंसा भारत का नागरिक

प्रत्येक पहलुओं और घटना के सिक्के के दो चित्र होते हैं। देश के विकास के भी दो चित्र हैं। एक चित्र भारत के समृद्ध विकास का है, जिस पर गर्व है। किन्तु, देश व राज्यों शहर की विषम परिस्थितियों को देख कर बहुत दुख भी होता है। हमारा देश अति प्राचीन है। देश की संस्कृति समृद्ध है। पुराण और वेद इस देश की संस्कृति का मूल आधार स्तम्भ है। रामायण-महाभारत के सिद्धांतों को आज आज भी जीवंत देखा जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण की भगवद्गीता देश के अलावा विविध देशों देशों में भी प्रसिद्ध है। महावीर और बुद्ध जैसी महान विभूतियों ने भारत भूमि में जन्म लिया था। भारत देश अनेक संतो की पवित्र भूमि भी है। तूलसीदास, कबीर, सूरदास यहीं हुवे।

इस देश पर अनेक मरतबे विदेशी आक्रमण भी हुए। 200 सालों तक अंग्रेजों और मुगलों का आधिपत्य भी रहा। भारतवासी अंग्रेजों के गुलाम थे। तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने भारत को विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक भी बनाया। इसी के साथ-साथ जनता का शोषण भी करते रहे।

अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने देश के सपूतों ने दिन-रात अनथक प्रयत्न किए। गोपालकृष्ण गोखले, गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, गांधी जी, सरदार पटेल, जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में लोगों ने आजादी की लड़त लड़कर देश को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराया। अंग्रेजों को देश छोड़ने विवश होना पड़ा। लेकिन, दुखद घटना यह घटी कि देश दो टुकड़ों में विभक्त हो गया।

आजादी के बाद देश लोकतंत्र के मार्ग पर चलाने देश को प्रगतिशील बनाने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को



अमल में लाया गया। इस योजना से देश की बहुत प्रगति हुई। कृषी, उद्योग, विज्ञान, टेक्नालाजी, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। अणुक्षेत्र में हासिल प्रगति से पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ गया। इस बाबत में देश के वैज्ञानिकों के ऋणी हैं। आजादी के बाद भारत पर शत्रु देश ने आक्रमण कर दिया था, जिसका करारा जवाब हमारे देश के जवानों ने बहादुरीपूर्वक दिया था।

आजादी के बाद भारत ने अनेक उपलब्धिया हासिल की, जो स्वाभाविक थी। देशवासी आनन्दित हुवे। भारतमाता की छाती फूल गई। ऐसी अनेक उपलब्धिया मिली। इसके विरूद्ध देशवासियों को समस्याएं भी मिली, जो दुखद भी है। इस प्रकार, भारतमाता दुखी भी है, मानव सर्जित समस्याओं से।

देश में प्रसर रही गंदी राजनीति, भ्रष्ट चुनाव, दोमुखी नेताओं से दुखी देश नेताओं के बेलगाम बोल, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार, कौमवाद, जातिवाद, वर्णवाद, धर्मवाद इत्यादि कहां जाकर अटकेगा? देश में व्याप्त आतांकवाद ने तो सीमा लांघ दी है। जिसके कारण, देश में नकली नोटें आयी, अर्थतंत्र पर जिसका खराब असर हुआ। भ्रष्टाचारियों के द्वारा कालाधन का सर्जन कर अर्थतंत्र को रौंद डाला।

गरीबी उत्तरोत्तर बढ़ रही है। बेरोजगारी में इजाफा हो रहा है। जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। जनसंख्या नियंत्रण निरंकुश है। जो देश व राज्यों की प्रगति को रौंद रहा है। प्रत्येक शहरों में चारों ओर लूटपाट, मारपीट, गुंडागिरी जैसे तमाम प्रदुषण बेरोजगारी का परिणाम है। भारत में क्राइम रेट बढ़ रहा है। न्याय पालिका में से न्याय नहीं मिलता, मिलता भी है तो अति विलम्ब से, जो अन्याय होने जैसा है। जन सुरक्षा केवल कागजों पर है। कालेधन से न्यायतंत्र और सुरक्षा तंत्र और देश की सेवा करने वाले नेताओं को खरीदने की सुन्दर कला विकसित हो गई है। हकीकत यह कि इस देश का तंत्र, एक ओर देश की प्रगति और दूसरी ओर, मानव सर्जित अनेक समस्याएं सिक्के का दूसरा पहलु है। इन परिस्थितियों में देश का मध्यमवर्गीय पीस रहा है।

खराब अर्थ में इन तमाम बिगड़े हालातों, बदियों में से नागरिक कब आजाद होगा? व्यक्ति को सम्पूर्ण रूप से स्वतंत्रता मिले, इसके लिए देश सेवकों, पदाधिकारियों व अधिकारियों को भ्रष्टाचार, काले धन को छोड़कर आजादी की भावना को सार्थक करें। सच्चे सेवक बने ताकि जनता में भी देश भक्ति की भावना जागृत होगी। तभी विश्व में भारत उन्नत मस्तक के साथ अडिग खड़ा रहेगा। इसमें थोड़ी भी शंका नहीं है। इसके लिए यह भी जरूरी है देशवासियों को सत्ताखोर, अवसरवादी व बोल बच्चन नेताओं से दूर रहकर जागरूक, युवाओं में जागृति, अहिंसा, नीडरता और सच्चाई के मार्ग की यात्रा पर चलेंगे, तभी देश सच्च अर्थ में आजाद होगा।

संदेश से साभार

## पक्षियों को क्यों कहा जाता है डायनासोर का वंशज



डायनासोर के बारे में हम खूब सुनते आए हैं. डायनासोर पृथ्वी पर आए जानवरों में सबसे बड़े जानवरों में से थे. आज से तकरीबन साढ़े छह हजार करोड़ साल पहले पृथ्वी से एक बहुत बड़ा उल्का पिंड टकराया था. जिससे डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था. लेकिन क्या हो अगर हम आपसे कहें कि डायनासोर के वंशज आज भी पृथ्वी पर जिंदा है. सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लगेगी लेकिन यह सच है. दरअसल पक्षियों को डायनासोर का वंशज कहा गया है.

वैज्ञानिकों द्वारा यह दावा किया जाता है कि दुनिया में मौजूद पक्षी डायनासोर के वंशज है. यानी की डायनासोर दुनिया से पूरी तरह विलुप्त नहीं हुए हैं. इसके पीछे कहा यह जाता है कि डायनासोर और पक्षी साथ में ही रहा करते थे. लेकिन करोड़ों साल पहले उल्का पिंड से टकराने के बाद डायनासोर का तो अंत हो गया. पर यह पक्षी बच गए. हालांकि इस बारे में वैज्ञानिकों ने अब तक कोई प्रमाणिक प्रूफ नहीं दिए हैं. लेकिन उन्होंने इस बात को साबित करने के लिए अलग-अलग थ्योरी दी हैं. डायनासोर के शरीर की जिस तरह की संरचना थी. पक्षियों के शरीर की संरचना भी कुछ उसी प्रकार से है. कैसे बच गए पक्षी? जब कहा जाता है डायनासोर के वंशज है पक्षी तो सवाल आता है. महाप्रलय यानी एस्टेरॉइड के पृथ्वी से टकराने के बाद यह कैसे बच गए.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 52 : गौतम ऋषि के सुनसान आश्रम पहुंचे राम और लक्ष्मण

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम वीर योद्धा हैं और भगवान शिव के प्रति उनके मन में गहरी श्रद्धा है। राम और लक्ष्मण ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा का पालन किया। गुरु विश्वामित्र के साथ दोनों भाई सोनभद्र नदी तथा गंगा नदी क्षेत्र से होते हुए उत्तर की ओर बढ़ने लगे। उन्होंने मिथिला राज्य की सीमा में प्रवेश किया। एक स्थान पर उन्हें एक सुनसान आश्रम दिखाई दिया।सुंदर वृक्षों से घिरे हुए इस आश्रम में एक भी मुनि दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि यहां रहने वाले लोग वर्षों पूर्व इस स्थान को छोड़कर कहीं चले गए हैं। इस आश्रम के पास पहुंचने पर श्री राम ने गुरु से जिज्ञासा व्यक्त करते हुए पूछा, ''हे गुरुवर! मुझे ऐसा क्यों प्रतीत हो रहा है कि यह आश्रम पूरी तरह से मानव रहित नहीं है। अभी भी कोई व्यक्ति इस आश्रम में रहता है।अगर यह पूरी तरह से निर्जन होता तो इसके पर्ण कुटीर में पूरी तरह से शुष्कता होती लेकिन इसके अनेक पर्ण अभी भी हरे हैं।अभी भी इस आश्रम की वायु में मंत्रों और श्लोकों की ध्वनि समाहित है। इस असामान्यता का कारण क्या है?''

''राम! पहले यह गौतम ऋषि का आश्रम था, यह एक श्रेष्ठ तप क्षेत्र था और महर्षि गौतम स्वयं अपनी पत्नी अहल्या के साथ यहां रहकर तपस्या करते थे, लेकिन अब यह शापित क्षेत्र है। अब गौतम ऋषि यह निवास नहीं करते हैं। तुम्हारा यह अनुमान सही है कि इसे पूरी तरह से निर्जन नहीं कहा जा सकता है।'' गुरु विश्वामित्र ने कहा।

''इस आश्रम की यह दशा कैसे हो गई गुरुदेव? मुझे यह जानने की उत्सुकता है।'' लक्ष्मण जी ने गुरु विश्वामित्र से निवेदन किया।

''यह देवराज इंद्र के छल के उद्देश्य से गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचने और उसके बाद की घटनाओं का परिणाम है। इंद्र ने ब्रह्मा जी की मानस पुत्री और अपने नाम के अर्थ में ही कुरूपता से रहित और अपूर्व सौंदर्य की स्वामिनी अहल्या को छलने के लिए गौतम ऋषि का छद्म रूप धारण किया था।'' महर्षि विश्वामित्र ने बताया।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)



## कविता

### //स्वर ले सेहत//

अ - अमली लाटा मनखे खाये।
मुंह कोती ले लार बहाये।।
आ - सबो चाय मा डारंय आदा।
कब्ज रोग जब होवय जादा।।
इ - इलायची हे बड़ गुणकारी।
खा लव जब मुंह महके भारी।।
ई - ईख चुहक के सब झन खावव।
पेट रोग ला दूर भगावव।।
उ - उड़द दार के बने बिजोरी।
गोल-गोल अउ चिक्कन गोरी।।
ऊ - खान-पान ले मिलथे ऊर्जा।
रहिथे पोठ देह के पुर्जा।।
ए - एलोवीरा लगा चाम मा।
घूम आव सब तेज घाम मा।।
ऐ - ऐनक आंखी मा लग जाथे।
देखे मा जब धुंधरा पाथे।।
ओ - मीठ ओखरा घलो नंदागे।
सुग्घर गुरतुर जे हा लागे।।
औ - औंरा हावय बड़ उपयोगी।
खा के राहत पावय रोगी।।
अं - अंगाकर हा गजब मिठाथे।
संग टमाटर चटनी भाथे।।
अः - आखर के पाछू मा रहिथे।
शब्द भार ला येहर सहिथे।।




प्रिया देवांगन ''प्रियू''

## शब्द सामर्थ्य -318

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |




## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। बेहतर होगा कि वरिष्ठ सदस्य की सलाह और मार्गदर्शन करते हुए ध्यान दें। आप आज अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित भी कोई काम हो सकता है।



**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। इस समय बढ़ते खर्चों में कटौती संभव नहीं है। धैर्य और संयम रखें और गुस्से के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालेंगे। फालतू बातों में ध्यान ना दे और अपने काम में ही व्यस्त रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके भी भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कोई ऑफिशियल यात्रा भी करनी पड़ सकती है। प्रमोशन की संभावनाएं बन रही है।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों को कोई शुभ सूचना मिल सकती हैं।



**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। व्यवस्थित दिनचर्या और खानपान आपका स्वास्थ्य ठीक रखेगा। आप स्वयं को स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता रखेंगे। अगर घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बन रही हैं, तो वास्तु संबंधी नियमों का भी पालन करना उचित रहेगा।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज योजनाबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज दूर होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा। व्यवसाय में बहुत ही संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मानसम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा।



**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलनामिलना अच्छा नहीं है, पहले उसके बारे पूरी जानकारी कर लें। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से कोई भी सावधानी पूर्वक लिया गया निर्णय निकट भविष्य में लाभदायक साबित होगा।



**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में बेहतर सुधार होगा, जिससे आपके कार्य सुचारू रूप से पूरे होते रहेंगे। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।



**मकर**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर न करें।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज अपने गुस्से पर काबू रखें। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा और आपसी रिश्ते सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे।



**मीन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहनसहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। घर के सदस्यों की सलाह जरूर ले।

# दिशा समिति की बैठक में जनपद पंचायत के पुराने प्रकरण का मुद्दा उठाया रामजी भारती ने

## भ्रष्टाचार के पुराने प्रकरण की जांच उच्च अधिकारियों से कराने की मांग की गई

डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद संतोष पांडे, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल जिला कलेक्टर व आला अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न दिशा समिति की बैठक में पूर्व विधायक रामजी भारती ने वर्ष 2022-23 में जनपद में हुए अनेक भ्रष्टाचार के मुद्दों को मजबूती से रखा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर द्वारा आवेदक श्री भारती को निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय होवे की कांग्रेस शासन काल में भ्रष्टाचार के सभी मुद्दों को सिरे से खारिज करते हुए राजनीतिक संरक्षण में अधिकारियों ने दबा दिया था।

### जनपद पंचायत भवन के मरम्मत कार्य में ग्राम पंचायत बनाई गई एजेंसी

पूर्व विधायक रामजी भारती ने बताया कि, 15वें वित्त मद से जनपद के सभा हाल का मरम्मत कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा उक्त कार्य के लिए नियमों से विपरित जाकर 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा पंचायती राज अधिनियम का हवाला देते हुए अपनी ओर से की गई आपत्ति में कहा है कि, ग्राम पंचायत अपने ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के बाहर कार्य नही करवा सकता। जनपद सीईओ को अपनी मर्जी से किसी ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाने का अधिकार नहीं है। सीईओ ने किस आधार पर ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाया था। नियमानुसार आरईएस का भवन में आरईएस को कार्य एजेंसी होना था। क्योंकि पूर्व कार्यकाल में उसी भवन का विस्तार जनपद के फंड से किया गया था। 2016-17 में तो आरईएस को एजेंसी बनाया गया था। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा राजनीतिक संरक्षण के चलते अपने चहते स्प्लायर से कार्य करवा कर राशि का बंदरबाट किया गया। दोषी सीईओ पर कार्यवाही की मांग की गई है।

### शासन की राशि से बांटी गई टी-शर्ट पर कांग्रेस नेता का फोटो

पूर्व विधायक रामजी भारती ने अपनी शिकायत में कहा है कि, स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत बांटी गई टी शर्ट में कांग्रेस नेता नवाज का फोटो लगाया गया है, जो तय नियमों के विपरीत है। राशि खर्च करने हेतु शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश का पालन अधिकारी द्वारा नहीं किया गया। उक्त योजना की राशि को तत्कालीन सीईओ और जनपद अध्यक्ष के निजी खातों में जनपद की ओर से 2 लाख एवं एक लाख रुपए स्थानांतरित किया गया। जो जांच का विषय है। शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई की जानकारी अधिकारी द्वारा आज पर्यंत नहीं दी गई।

### लाखों रुपए बिना किसी आदेश के पंचायत को स्थानांतरित

शिकायतकर्ता द्वारा उच्च अधिकारियों के समक्ष जिला कलेक्टर को बताया गया कि जनपद सीईओ द्वारा 10 लाख 4 हजार रूपए की भारी भरकम राशि बिना किसी आदेश के पंचायतों को टी-शर्ट खरीदी में स्थानांतरित की गई और पंचायत द्वारा टी-शर्ट खरीदी में पंचायती राज अधिनियम का पालन नहीं किया गया। भ्रष्टाचार यही नहीं रुका टी-शर्ट खरीदी में विक्रेता द्वारा बिना जीएसटी बिल से 10 लाख 4 हजार रूपए की राशि की टी शर्ट सप्लाई की गई, जो नियम विरुद्ध है।

# आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले पति, जेठ व सास के खिलाफ जुर्म दर्ज



राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने गत दिनों अपने थाना क्षेत्र के निवासिनी के द्वारा अपने शरीर में आग लगाकर आत्महत्या करने वाली महिला को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उन्हें न्यायालय ने पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल के सीखचों के पीछे भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम गौकरण सेवता पिता तीजूराम सेवता उम्र 30 साल, कमलेश सेवता पिता तीजूराम सेवता उम्र 34 साल, श्रीमती नैनबाई पति तीजूराम सेवता उम्र 55 साल तीनों निवासी ग्राम मगरधोखरा थाना छुरिया बताया जाता है।

ज्ञात हो कि थाना छुरिया के मर्ग क्रमांक-41/2023 के तहत धारा 174 जा.फौ. के मृतिका मंजूबाई सेवता पति गौकरण सेवता उम्र 28 साल निवासी ग्राम मगरधोखरा थाना छुरिया द्वारा गत 24 मई को स्वयं के उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव में भर्ती हुई थी, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। मेडिकल कॉलेज से जीरो में मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना छुरिया में असल नंबरी कर मर्ग जांच में लिया गया था। मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतिका के पति गौकरण सेवता, जेठ कमलेश सेवता एवं सास श्रीमती नैनबाई तीनों मिलकर मृतिका को आये दिन ताना मारते थे कि शादी को हुए 06 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक तुम्हारा कोई संतान नहीं हुआ है तुम बांझ हो कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे एवं पति गौकरण सेवता द्वारा शराब पीकर मारपीट करता था जिससे पीड़िता अत्यधिक प्रताड़ित थी जिस कारण घटना दिनांक को मृतिका द्वारा स्वयं के उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर आत्महत्या करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 24 जनवरी को थाना छुरिया में धारा 306, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में 29 जनवरी को आरोपीगणों के निवास स्थान ग्राम मगरधोखरा पुलिस टीम रवाना कर तीनों आरोपियों को थाना लाकर विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है माननीय न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है।

## पहला कॉलम...

### बांधाबाजार में मानस महोत्सव 2 से 4 फरवरी तक

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार में हर साल की तरह इस साल भी जय श्री बालाजी मानस मंच बांधाबाजार द्वारा भव्य मानस महोत्सव का आयोजन 2 फरवरी दिन शुक्रवार से 4 फरवरी रविवार तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्यातिलब्ध मानस मंडलियां भाग लेगी। इस आयोजन में मंडलियों हेतु बहुत सारे पुरस्कार की व्यवस्था पुरुष एवं महिला वर्ग में की गई है मानस महोत्सव का आयोजन बाजार चौक अयोध्या धाम बांधाबाजार में होगा( साथ ही इसी कड़ी में कुर्सीटिकूल, तुमडीलेवा एवं थुहाडबरी में भी कार्यक्रम आयोजित है। आयोजन समिति ने सभी आसपास के ग्रामवासियों, नगरवासियों से अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की है। आयोजन का यह सोलवा वर्ष है यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग आयोजित होता है।

### विधायक भोलाराम साहू ने सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू आज अपने निज निवास स्थान खुज्जी से मोहला जा रहे थे। उन्होंने मोहला जाते समय रास्ते में देखा कि दो मोटर साइकिल आपस में भिड़त हो गई है। जो ग्राम तारमटोला, कुदारी दल्ली के निवासी है। विधायक ने भिड़त लोगों के पास तत्काल पहुंचकर उनका हालचाल जाना और उन्हे 112 वाहन पुलिस की सहायता से तत्काल मेडिकल कालेज राजनांदगांव भेजा गया।

### ठेलकाडीह कॉलेज मे मनाया गया वार्षिकोत्सव

ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह, जिला-केसीजी के प्राचार्य ए.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एवं संयोजक व्ही.के.मसियारे के निर्देशन में सत्र 2023-24 का वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय एवं अध्यक्ष विक्रांत सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा सरस्वती पूजन वंदन द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय गीत के समवेत गायन के उपरांत समस्त अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रदान करते हुए बताया गया कि महाविद्यालय सत्र 2018 से संचालित हो रहा है एवं यहां बी.ए., बी.कॉम. व बी.एससी. की कक्षाएं संचालित हो रही है। महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहा है। विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं एवं स्टॉफ के रिसर्च पेपर प्रकाशित हो रहे है। कार्यक्रम अध्यक्ष विक्रांत सिंह द्वारा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि सांसद महोदय द्वारा विद्यार्थियों को अपने अंचल व राष्ट्र का नाम रोशन करने हेतु शुभकानाएं व आशीर्वचन प्रदान किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथिगणों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल वितरित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, भाषण, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। अंत में डॉ.एल.सी. सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सी.एस. राठौर, व्ही.के. मसियारे, डी.के. साहू. सुश्री रेणुका कुंजाम, बी.बर्मन, श्रीमती रेणुका सिन्हा, दुलेश्वर प्रसाद, नीलमणी देवांगन, जी.एल. वर्मा, नेमेन्द्र चंद्राकर एवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन व्ही.के. मसियारे सर, हुकुमचंद वर्मा एवं वैष्णवी शर्मा द्वारा किया गया।



### सुंदरा शाला की शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सुंदरा में 26 जनवरी के अवसर पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षाओं को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम के सरपंच उपसरपंच शिक्षक सुरेंद्र साहू, पवन यादव सभी के कार्यक्रम सम्मान किया गया। इस अवसर बच्चों को देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम भी हुआ, इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# प्रीति बाला लाटिया को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



डोंगरगढ़ (दावा)। प्राथमिक शाला नंबर 1 अंग्रेजी माध्यम डोंगरगढ़ की शिक्षिका श्रीमती प्रीति बाला लाटिया सहायक शिक्षिका को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नवाचारी कार्य के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया जाने वाले विभिन्न कार्यों में जैसे अतिथि कक्षा शिक्षण रोचक नवाचारी गुणवत्ता पूर्ण हो शिक्षा सरकारी के उद्देश्य को लेकर नवाचारी गतिविधियां समूह गठित किया गया हैं। यह भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र एवं देश का सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है इस समूह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष भी दिनाक 28 जनवरी को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषयगत कार्य एवं नवाचार पाठ्य सामग्री रोचक गतिविधियों टी.एल.एम. का उपयोग कर शिक्षा को रोचकपूर्ण बनाने के लिए हमारे विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनादगांव संकुल डोंगरगढ़ 2 के शासकीय प्राथमिक शाला नंबर 1 अंग्रेजी माध्यम डोंगरगढ़ की शिक्षिका श्रीमती प्रीति बाला लाटिया सहायक शिक्षिका को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नवाचारी कार्य के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से मुख्य अतिथि राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक डॉ. एम सुधीस रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, रायपुर जिला डी.एम.सी. श्री पटले ने सम्मानित किए।

### शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं

प्रीति बाला लाटिया को सम्मानित होने पर डोंगरगढ़ के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती विरेंद्र कौर गरचा डोंगरगढ़ के संकुल समन्वयक सहारे सर, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य वाय.एस.रॉव, संकुल समन्वयक अमृत दास साहू, अछोली के संकुल समन्वयक ठाकुर सर, प्रभारी प्रधान पाठिका सीमा परमार, शाला परिवार पालकों द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान मिलने पर अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर हुआ सम्पन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के सहयोग से हरियाणा के प्रसिद्ध डॉ मनोज सिंह बीएएमएस द्वारा समस्त रोगों का ईलाज आयुर्वेद पद्धति से किया गया। इस दौरान उनके द्वारा उपस्थित मरीजों को फाईटोनेनो सांइंस पद्धति द्वारा निर्मित आक्सी आयुर्वेद के दवाईयों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि इस पद्धति से गंभीर से गंभीर बिमारियों का स्थाई ईलाज किया जाता है।

इस शिविर का 65 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय संजय श्रीवास्तव व अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष सी पी मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य, ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय ठाकुर मंदिर चिकित्सालय प्रबंधक डॉ गिरधर पटेल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

### 0 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में जमकर बटोरी तालियां



गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय स्व पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जगमड़वा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 24 जनवरी को हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ 18 जनवरी को किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच टीकम साहू, शिव प्रसाद साहू, संतोष साहू, हेमसिंह, प्यारे निषाद, हर्बल साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कालेज के छात्र छात्राओं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान शिविर में साहू ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है इसके द्वारा छात्र-छात्राओं का चहुमुखी विकास होता है, युवा राष्ट्र का भविष्य है, राष्ट्र की दशा एवं दिशा बदलने में इनमें अद्भुत क्षमता होती है, वही समापन समारोह 24 जनवरी को किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एन एस वर्मा, टी एल वर्मा, गवास्कर कौशिक, भागवत राम वर्मा रहे। इस दौरान कालेज के कुछ छात्र-छात्राओं ने सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर पर अपना अनुभव भी साझा किया, साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा नारी शिक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत भी किया। कार्यक्रम में शिविर प्रभारी सहायक प्राध्यापक पी.के.अमिला एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दीवानभेड़ी में शान से लहराया तिरंगा



डोंगरगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दीवानभेड़ी में अलग-अलग जगह ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को मनाया गया। सबसे पहले माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी के प्रांगण में सरपंच श्रीमती सुमित्रा नीलम गोस्वामी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके बाद कांकरिया राइस मिल में डॉ.रुबीना अल्वी समाजसेवी व लखन साहू के द्वारा किया गया। पशु औषधालय में प्रमोद गुप्ता, गौठान में नरेंद्र पटेल व पलटू, सेवा सहकारी समिति में लिलम गोस्वामी, स्वस्थ्य विभाग में भगचंद, महिला मंडल में पंचबती चंदेल, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में त्रिवेणी, ग्रामीण बैंक खेदूराम साहू, ग्राम पंचायत में व प्राथमिक शाला में सरपंच सुमित्रा गोस्वामी, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में हुकुम साहू ने ध्वजारोहण किया गया। बच्चों के द्वारा गांव प्रभात निकालकर व राष्ट्रीय गीत के साथ बैण्ड के धुनों के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बी एल यादव, शशिकला कठोलिया, विष्णु शर्मा, चित्ररेखा वैष्णव, गीतांजलि साहू, प्रमिला राजपुत, राजेश्वरी नंदेश्वर, कैलाश रामटेके जागेश्वर साहू व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंतर्राज्यीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आरंभ, आज होगा समापन



डोंगरगाँव (दावा)। डोंगरगांव स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन डीएसए के तत्वाधान में कॉलेज परिसर के खेल भवन में 28 जनवरी की शाम से अंतर्राज्यीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ हो चुका है जो कि 30 जनवरी तक चलेगा। जिसके शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए बीजेपी मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज हेमनानी, आईटीबीपी के कमांडेंट अशोक चौधरी, वरिष्ठ नागरिक जी.आर.अहीर व मंडलोई सर की उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टॉस करा खेल प्रारंभ कराया गया, दोनों ही वर्गों के शानदार मैच संपन्न हुए, मैच के दौरान नगर के बैडमिंटन प्रेमियों की खासी भीड़ देखने को मिली। डीएसए के अध्यक्ष शैलेष जैन, उपाध्यक्ष इरफान कुरैशी, सचिव योगेश जैन, सहसचिव नेबू मैथ्यू व संदीप जैन, कोषाध्यक्ष आशीष ढोमने, मीडिया प्रभारी सतीश पांडे व शशांक साहू एवं समस्त डीएसए परिवार ने सभी अतिथियों व खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया, 30 जनवरी को समय दोपहर 3 बजे से देर रात्रि तक और भी उच्च स्तरीय खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन का आनंद लेने के लिए सभी खेलप्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



बांधाबाज़ार (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर बांधाबाज़ार में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव शर्मा तथा अन्य अतिथियों डॉ. संतोष द्विवेदी, रंजन साहू, रामकिशन खंडेलवाल ने भारतमाता पूजन कर ध्वजारोहण किया, विद्यालय के भईया बहिनों द्वारा देशभक्ति गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, इस अवसर पर ग्राम के ग्रामवासी, वरिष्ठ नागरिक, पालकगण तथा विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र मिश्रा, आचार्य श्रीमती विमला, रेणुका, सरस्वती, यमन कल्याणी, सुश्री प्रतिमा, लुकेश्वरी, रेणुका, रिजवाना आदि दीदियां तथा सागर मिश्रा, भरतसिंह चौहान आचार्य इस कार्यक्रम में शामिल थे।

# जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

## बड़े पैमाने पर जलक्षेत्र के लिए बनायें कार्य योजना - इंद्रशाह मंडावी

## निस्तार एवं पेयजल की समस्या ना हो, इसे ध्यान में रखकर तैयारी करें - भोलाराम साहू



मोहला (दावा)। जिला जल समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। मोहला मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू बैठक में उपस्थित थे। कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अंतर्गत स्थित जलाशयों में जलभराव की स्थिति एवं खरीफ व रबी फसल की सिंचाई के साथ-साथ जिले के अंतर्गत निस्तार एवं पेयजल की आवश्यकता पर चर्चा की गई। बैठक में मोहला मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि जिले में जल संसाधन बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्ययोजना बनायें। उन्होंने कहा कि मोगरा जलाशय से छोड़े जाने वाले वर्षा जल के संग्रहण के लिए कोई कार्ययोजना निर्धारित करें। जिससे मोंगरा से छोड़े गये पानी का संग्रहण किया जाकर आवश्यकता अनुसार उपयोग में लाया जा सके। खुज्जी विधायक श्री भोला राम साहू ने कहा कि सिंचाई के साथ ही निस्तारी एवं पेयजल कि आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाये। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त एनीकट का मरम्मत प्रथमिकता से कराये।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बताया कि आगामी गर्मी सीजन को ध्यान में रखते हुए निस्तारी व पेयजल के जल आरक्षित रखा जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के जलाशयों में जल भराव के अनुसार सिंचाई एवं अन्य आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति किये जाने कि जानकारी दी।

बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आफताब आलम ने बताया कि जिले में 01 मध्यम योजना, 45 लघु योजना, 2 व्यपवर्तन योजना, 25 एनीकट स्थित है। उन्होंने इन योजनाओं के अंतर्गत जलभराव व इसके माध्यम से जिले एवं अन्य जिले राजनांदगाव व खैरागढ़ जिले के अंतर्गत जल उपयोगियता की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ती गौते, नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## सोने-चांदी की कीमतों में आई तेजी

नईदिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार में एक बार फिर से चमक लौट आई है. सोमवार को सर्राफा बाजार 200 रुपये की बढ़त के साथ ओपन हुआ. इस दौरान दोनों धातुओं की कीमतों में इजाफा दर्ज किया गया. फिलहाल सोने की कीमतों में 170 रुपये की बढ़त बनी हुई है और 22 कैरेट वाला सोने 57,237 रुपये प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि 24 कैरेट वाले गोल्ड का भाव 62,440 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है. वहीं चांदी की कीमत 170 रुपये चढ़कर 72,170 रुपये प्रति किग्रा पर व्यापार कर रही हैं. देश के अन्य शहरों में भी सोने की कीमतों में आज उछाल बना हुआ है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.27 फीसदी यानी 166 रुपये की बढ़त के साथ 62,130 रुपये प्रति दस ग्राम चल रही है. जबकि चांदी का भाव यहां 0.30 प्रतिशत यानी 213 रुपये के इजाफे के साथ 71,986 रुपये पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं विदेश बाजार यूएस कॉमेक्स पर सोना 0.35 फीसदी यानी 7.10 डॉलर चढ़कर 2,024.40 डॉलर प्रति औंस पर बिक रहा है. जबकि चांदी 0.60 प्रतिशत यानी 0.14 डॉलर चढ़कर 23.01 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है.

## सेंसेक्स में 600 अंक की बढ़त, निफ्टी भी चढ़ा

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बढ़ोतरी के साथ ओपन हुआ. बाजार के प्रमुख इंडेक्स में बढ़त देखने को मिली. बाजार की पॉजिटिव शुरुआत अच्छे ग्लोबल संकेतों के चलते देखने को मिल रही है. सोमवार सुबह सवा नौ बजे बाजार हरे निशान के साथ ओपन हुआ. और सेंसेक्स 600 अंक की बढ़ोतरी के साथ कारोबार करने लगा. जबकि निफ्टी की शुरूआत 21,500 अंक के ऊपर हुई. बता दें कि ग्लोबल संकेतों और बैंकिंग स्टॉक्स में अच्छे प्रदर्शन के चलते स्टॉक मार्केट में तेजी का रुख बना हुआ है. फिलहाल बीएसई सेंसेक्स 298.70 अंक चढ़कर 71,399.37 अंक पर कारोबार कर रहा है. जबकि निफ्टी 50, 218.90 अंक की बढ़ोतरी के साथ 21,571.50 अंक पर बना हुआ है.

## राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ीं, महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

एजेंसी, माले। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाली मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

## पाकिस्तान में 11 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से आईएसआईएस, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 11 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शनिवार (27 जनवरी) को यह जानकारी दी और दावा किया कि उसने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है. इन आतंकवादियों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का प्रमुख कमांडर मुहम्मद इजाज भी शामिल है, जिसने अफगानिस्तान में आतंकवाद का प्रशिक्षण लिया था. उसे लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर पंजाब के बहावलपुर जिले से पकड़ा गया. आतंकियों ने रची थी पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की साजिश पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग ने कहा कि आतंकवादियों ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर पूरे प्रांत में तोड़फोड़ करने की साजिश रची थी. एक बयान में उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने इन 11 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है.

## ईरान में 4 लोगों को मृत्युदंड

नई दिल्ली। ईरान ने अपने दुश्मन देश इजराइल की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने वाले 4 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। ये 4 लोग इजराइल की खुफिया एजेंसी च्मोसादच् के लिए काम करने के दोषी पाए गए। इन 4 लोगों को मौत की सजा की जानकारी ईरान के रक्षा मंत्रालय ने दी। मिली जानकारी के अनुसार ईरान ने रक्षा मंत्रालय से जुड़ी एक फैक्टरी को निशाना बनाने का षड्यंत्र रचने और इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के दोषी चार लोगों को सोमवार को मौत की सजा दी।

आधिकारिक च्आईआरएनएच् समाचार एजेंसी ने बताया कि इन लोगों को 2022 में ईरान के रक्षा मंत्रालय से जुड़ी और इस्फहान शहर में मिसाइल और रक्षा उपकरणों से संबंधित एक फैक्टरी को निशाना बनाने का षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया गया था। मौत की सजा पाने वाले चारों दोषी ईरानी नागरिक इन चारों की पहचान मोहम्मद फरामरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार और पेजमान फतेही के रूप में की गई है।

# कड़ी मेहनत और ट्रिपल सेंचुरी से सरफराज खान की टीम इंडिया में एंट्री



नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में बदलाव किया गया है. इसी बीच लंबे इंतजार और कड़ी मेहनत के बाद मुंबई के युवा बल्लेबाज सरफराज खान को भारतीय टीम से बुलावा आ गया. उन्हें विशाखापत्तनम में 2 फरवरी से शुरू होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है.

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में 2 फरवरी से शुरू होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं. हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के चौथे दिन के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी. वहीं, राहुल ने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी. बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों खिलाड़ियों पर नजर रख रही है. सरफराज और सौरभ टीम में शामिल बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए 26 साल के सरफराज खान , सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल किया है. सारांश जैन को 1 फरवरी, 2024 से अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम मैच के लिए भारत ए टीम में वॉशिंगटन सुंदर के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया है. आवेश खान अपनी रणजी ट्रॉफी टीम मध्य प्रदेश के साथ यात्रा करना जारी रखेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम में शामिल होंगे. सरफराज खान को घरेलू क्रिकेट की %रन मशीन% कहा जाता है. वह बीते काफी वक्त से मुंबई टीम के लिए कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं. इतना ही नहीं, वह रणजी ट्रॉफी में ट्रिपल सेंचुरी भी जड़ चुके हैं. उन्होंने अभी तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 45 मैचों की 66 पारियों में 3912 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं. इसके अलावा लिस्ट ए में 37 मैचों में उनके नाम 629 रन हैं. एक वक्त मोटापे और फिटनेस के कारण आलोचना झेलने वाले सरफराज खान ने लगातार बल्ले से दमदार प्रदर्शन जारी रखा.

# ईडी के डर से लापता हुए झारखंड के सीएम सोरेन ?

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने करप्शन पर ताबड़तोड़ धावा बोल दिया है। ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंच गई है। लेकिन अभी तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। ये हैरान करने वाला मामला है कि ईडी के डर से एक राज्य का मुख्यमंत्री लापता हो गया है।



हालांकि झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे। मगर सीएम का अभी तक कोई सुराग ना लग पाना अपने आप में चौंकाने वाली बात है। ईडी ने कहा था- आप नहीं आए तो हम आएंगे ईडी की टीम हेमंत सोरेन की दिल्ली में तलाश कर रही है। ईडी को हेमंत सोरेन तो नहीं मिले हैं, लेकिन ईडी दफ्तर को झारखंड के सीएम के सचिवालय की तरफ से जवाब मिला है कि हेमंत सोरेन 31 जनवरी को दोपहर एक बजे रांची में ईडी के दफ्तर में पेश होंगे। बता दें कि ईडी ने जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को दसवां समन भेजा था और कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक अपना बयान दर्ज कराएं ईडी ने कहा था कि अगर आप हमारे पास नहीं आएंगे तो हम टीम लेकर आपके यहां आएंगे। गिरफ्तारी के डर से गायब है सीएम ईडी के इस समन के बाद हेमंत सोरेन 27 जनवरी को रांची में राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए।

# भारतीय नौसेना ने बंधक बनाए ईरान जहाज एमवी इमान को समुद्री लुटेरों से बचाया

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने जांबाजी दिखाते हुए समुद्री लुटेरों द्वरा अपहृत किए गए ईरानी जहाज को लुटेरों से मुक्त करा लिया। भारत के जंगी जहाज आईएनएस सुमित्रा ने मछुआरों और 17 क्रू मेंबर्स को समुद्री डाकुओं से बचाया। जानकारी के अनुसार भारतीय नौसेना के जंगी जहाज आईएनएस सुमित्रा ने अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत किए गए लोगों को बचा लिया है। इस ईरानी जहाज एमवी इमान में 17 क्रू मेंबर बैठे हुए थे, जिनका अपहरण समुद्री डाकुओं ने कर लिया था।



जानकारी मिलते ही हरकत में आई भारतीय नौसेनाभारतीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने इस घटना का खुलासा करते हुए कहा कि देश के पूर्वी तट की ओर यानी अरब सागर के पास अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस सुमित्रा ने तत्काल रेसपॉन्ड किया है। जैसे ही ईरानी फिशिंग वेसल ईमान से खतरे का अलार्म बजा, डिस्ट्रेस कॉल आई। सुमित्रा ने तेजी से उसकी तरफ स्पीड बढ़ाई। इमान पर सोमिलियाई समुद्री लुटेरों ने कब्जा जमा लिया था। क्रू मेंबर्स को बंधक बना लिया था।

भारतीय नौसेना ने सभी 17 क्रू मेंबर को बचा लिया है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि च्हिंद महासागर क्षेत्र में जलदस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है।च् हूती हमलों के बीच समुद्री लुटेरों ने किया अपहरण मिशन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसेना के जहाजों को तैनात किया, जो समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प का प्रतीक है।

# जसप्रीत बुमराह को आईसीसी ने नियम तोड़ने का दोषी पाया

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद में खेला गया. हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को 28 रनों से हरा दिया. वहीं, इस हार के बाद टीम इंडिया को एक और बड़ा झटका लगा है. दरअसल, आईसीसी ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया है.



हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन जसप्रीत बुमराह पर आईसीसी नियमों को तोड़ने का आरोप लगा. बहरहाल, इसके लिए अधिकारिक तौर पर जसप्रीत बुमराह को फटकार का सामना करना पड़ा है. जसप्रीत बुमराह पर क्यों गिरी गाज? इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी कर रहे थे, इस बीच वह जानबूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए. इस दौरान जसप्रीत बुमराह और ओली पोप के बीच टकराव देखने को मिला. हैदराबाद टेस्ट में टीम इंडिया को 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बतौर गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट झटके. बहरहाल, अब आईसीसी ने जसप्रीत बुमराह को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करने का दोषी पाया है. आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के मुताबिक, अगर कोई खिलाड़ी अन्य खिलाड़ी या अंपायर के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क में आते हैं तो उसे दोषी करार दिया जाता है. जसप्रीत बुमराह पर नहीं लगा फाइन... हालांकि, भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर है कि जसप्रीत बुमराह पर फाइन नहीं लगाया गया, क्योंकि पिछले 24 महीनों में उन्होंने पहली बार ऐसा किया. लेकिन जसप्रीत बुमराह के खाते में 1 डिमेरिट प्वॉइंट्स जोड़ा गया. इससे पहले मैदानी अंपायर पॉल रिफ़ेल और क्रिस गैफ़नी, तीसरे अंपायर माराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने जसप्रीत बुमराह पर नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया था.

# गुजरात टाइटंस के जादुई स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका में बिखेरा जलवा



**नूर ने टी20 का पहला 'फाइव विकेट हॉल' अपने नाम किया**

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका में इन दिनों एसए 20 खेला जा रहा है. टूर्नामेंट में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर नूर अहमद डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे हैं. पार्ल रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के ज़रिए ने नूर ने टी20 का पहला 'फाइव विकेट हॉल' अपने नाम किया है. नूर का शानदार प्रदर्शन आईपीएल 2024 से पहले गुजरात के लिए अच्छी खबर है. मुकाबले में नूर ने पार्ल रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर, एंडिले फेहलुकवेओ, ब्योर्न फोर्टुइन, ओबेद मैककॉय और तबरेज शम्सी को अपना शिकार बनाया. नूर ने 3.2 ओवर में 5 विकेट अपने नाम किए. इस दौरान उन्होंने सिर्फ 11 रन खर्चे. बता दें कि नूर अब तक 78 टी20 मुकाबले खेल चुके हैं. इन मैचों की 78 पारियों में बॉलिंग करते हुए अफगानी स्पिनर ने 25.20 की औसत से 83 विकेट अपने नाम किए हैं, जिसमें उनका बेस्ट 5/11 का रहा है. इस दौरान नूर ने एक फाइव विकेट हॉल के अलावा एक फोर विकेट हॉल भी अपने नाम किया है. वहीं अंतर्राष्ट्रीय करियर की बात करें तो नूर अफगानिस्तान के लिए वनडे और टी20 इंटरनेशनल खेलते हैं. अब तक उन्होंने 7 वनडे और 4 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. बड़े मार्जिन से मुकाबला जीत नूर अहमद की टीम एसए 20 में नूर अहमद की टीम यानी डरबन सुपर जायंट्स ने पार्ल रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 125 रनों के बड़े मार्जिन से जीत अपने नाम की. पहले बैटिंग करते हुए डरबन सुपर जायंट्स की टीम ने 7 विकेट पर 208 रन बोर्ड पर लगाए.

# नवाज शरीफ की किरकिरी, लाख की टोपी पहनकर कर रहे प्रचार

नई दिल्ली। पाकिस्तान में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच रहा है। 8 फरवरी को वोटिंग से पहले सभी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं। इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चुनाव प्रचार के दौरान पाकिस्तान में चर्चा का विषय बन गए। दरअसल, उन्होंने जिस टोपी को पहनकर प्रचार किया, वह इतनी महंगी है कि इसे पहनने पर पूर्व पीएम नवाज शरीफ की किरकिरी हो गई है। लोग उन्हें पाकिस्तान की कंगाली की याद दिला रहे हैं। नवाज शरीफ की टोपी की चर्चा इस समय जोरों पर है। पाकिस्तानियों को इस टोपी की कीमत हजम नहीं हो रही है।

# भारतीय क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों के पास मिली शराब की 27 बोतलें और दो पेटी बीयर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। ये घरेलू टीम के 5 खिलाड़ी सवालों को घेरे में आ गए हैं। इन खिलाड़ियों के पास से एक घरेलू टूर्नामेंट के बीच शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। ये खिलाड़ी सौराष्ट्र की अंडर-23 टीम के खिलाड़ी हैं। ये खिलाड़ी सीके नायडू ट्रॉफी में सौराष्ट्र की अंडर-23 टीम का हिस्सा हैं।

सौराष्ट्र के 5 खिलाड़ियों के पास मिली शराब की बोतलें सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-23 टीम के 5 क्रिकेटर्स की किट में से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर शराब की 27 बोतलें और दो पेटी बीयर पकड़ी गई हैं। यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। जब वह चंडीगढ़ से राजकोट वापस जा रहे थे। बता दें चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कार्गो में सामान रखने से पहले किट की जांच की गई तो टीम के 5 खिलाड़ियों की किट के साथ 27 बोतल शराब और 2 बीयर की पेटी पाई गई। हालांकि, पुलिस की तरफ से कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने जारी किया बयान सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि चंडीगढ़ में एक कथित घटना हुई है जिसे सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के संज्ञान में लाया गया है।

कथित घटना दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की आचार/अनुशासनात्मक समिति और शीर्ष परिषद घटना की गहराई से जांच करेगी और उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

***मोबाइल की आदत सही या ...***

मोबाइल से पढ़ाई- पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल समय की मांग है. इसकी मदद से आप पढ़ाई कर सकते हैं. किसी भी विषय के बारे में गहन अध्ययन कर सकते हैं. मोबाइल के गणित के सवाल सहित कई प्रोजेक्ट बना सकते हैं. इसकी जानकारी पैरेंट्स को भी दें ताकि उन्हें लगे कि आप समय का सदुपयोग कर रहे हैं. पीएम मोदी ने मोबाइल की खासियत के बारे में कहा कि आजकल के बच्चों ने दिमाग का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है. आजकल के बच्चे मोबाइल का इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है. पीएम मोदी ने कहा शास्त्रों में भी कहा गया है कि किसी भी चीज़ की अती नहीं करनी चाहिए. हर किसी चीज़ में संतुलन का होना बेहद जरूरी है. आजकल बच्चों से लेकर पैरेंट्स तक, सभी मोबाइल का बेहद इस्तेमाल कर रहे हैं. ऐसे में आपसी संवाद होना बंद हो चुका है. ऐसे में एक संतुलन और सामंजस्य बैठाकर मोबाइल का सही उपयोग किया जा सकता है.

***'अगर भाजपा को वोट नहीं दिया...***

उन्होंने स्थानीय लोगों को आगाह किया कि वे बीएसएफ से ऐसे पहचान पत्र स्वीकार न करें, अन्यथा वे एनआरसी के जाल में फंस जाएंगे। अगर वे आपसे पूछें, तो उन्हें बताएं कि आपके पास आधार और राशन कार्ड है और आपको किसी अन्य कार्ड की जरूरत नहीं है।

***कितनी भी बिजली खर्च करो...***

नीति माना गया था। नई नीति बनाई गई है, जो लोग अपने घर पर सौर पैनल लगाएंगे तो उनका 4 साल में पैसा वसूल हो जाएगा। दिल्ली सरकार देगी सब्सिडी- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि नीति के तहत, 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली सभी सरकारी इमारतों को अगले तीन वर्षों में अनिवार्य रूप से छत पर सौर पैनल लगाना होगा। इसके अलावा दिल्ली सरकार सौर पैनल लगाने पर 10 हजार की सब्सिडी भी देगी। 300 किलोवाट का सिस्टम लगाएंगे तो सरकार से इंसेंटिव भी मिलेगा।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी ने डीएमएफ ...***

अवैध राशि की वसूली की गई एवं अपने पद का दुरूपयोग करते हुए विभिन्न शासकीय अधिकारियों द्वारा राईस मिलर्स के साथ मिलीभगत कर लाभ प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति कारित की गई। प्रीतिका पूजा को मनोज सोनी, प्रबंध संचालक मार्कफेड के जरिए रोशन चंद्राकर के द्वारा निर्देश था कि उन्हीं राईस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है जिनकी वसूली की राशि रोशन चंद्राकर को प्राप्त हुई है। किन राईस मिलर्स को भुगतान किया जाना है इसकी जानकारी संबंधित जिले के राईस मिलर्स एसोसिएशन के द्वारा मनोज सोनी के माध्यम से प्राप्त होती थी। पिछले दिनों आयकर विभाग के द्वारा की गई तलाशी की कार्रवाई से लगभग 1.06 करोड़ रुपये की नकद जब्त किए गए थे। लगभग 140 करोड़ रुपये की अवैध वसूली राईस मिलर्स से किया जाना पाया गया है।

कस्टम मिलिंग में इन पर मामला- राइस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआइ में जो कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता है। उसमें व्यापक पैमाने में भ्रष्टाचार कर प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध राशि की वसूली मार्कफेड के तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी एवं तत्कालीन डिस्ट्रीक्ट मार्केटिंग आफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा कोरबा के द्वारा लोकसेवक के रूप में पदस्थ होते हुए अपने-अपने पद का दुरूपयोग कर, छत्तीसगढ़ स्टेट राईस मिलर्स एसोसिएशन के प्रेसीडेंट कैलाश रूंगटा, वाइस प्रेसीडेंट पारसमल चोपडा एवं कोषाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर के साथ आपराधिक षडयंत्र किया गया। सभी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

***केंद्र सरकार नफरत की...***

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार जिस सोच से इंडिया का नींव रखा था। उसी के सामने ही आत्मसर्पण कर बैठे। आने वाले समय मे जनता उन्हें जवाब देगी।

***ईडी ने 10 घंटे में लालू से पूछे 60 सवाल...***

जवानों की टुकड़ी को तैनात कर दिया गया। जिसके बाद राजद समर्थकों के बीच लालू प्रसाद की गिरफ्तारी को लेकर संशय होने लगा। राजद कार्यकर्ता हो-हल्ला करने लगे। इस पर मीसा सामने आई और उन्होंने कहा आप लोग हो हंगामा करेंगे तो वे और लंबे समय तक लालू प्रसाद का बैठाकर रखेंगे। इसके बाद लोग शांत हुए। ईडी की पूछताछ करीब पौने नौ बजे तक चली। मंगलवार को तेजस्वी यादव को ईडी ने समन देकर बुलाया है। उम्मीद है कि तेजस्वी पूछताछ के लिए करीब 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचेंगे।

***भाजपा ने शुरू की लोकसभा चुनाव ...***

भाजपा प्रत्याशियों प्राप्त मत से अधिक मत दिलवाना है। लोकसभा चुनाव में अबकी बार भाजपा 400 का लक्ष्य भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है, जिसके लिए हम सभी जमीनी कार्य करना होगा। रायपुर लोकसभा के कार्यकर्ताओ में आपसी सामंजस्य और मेल मिलाप आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखकर प्रत्याशी की घोषणा पूर्व लोकसभा चुनाव केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य एकदम स्पष्ट है प्रत्याशी कोई भी हो, हमारा प्रत्याशी व्यक्ति नहीं अपितु कमल का निशान है और हमे कमल के प्रत्याशियों को भरी मतों से विजयश्री दिलाना है। जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। हर कार्यकर्ता उत्साह से ओतप्रोत हैं भाजपा का कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक है। नतीजे भाजपा के पक्ष में लाने को आतुर है।

***कृष्ण जन्मभूमि मामले में अदालत ...***

सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने हिंदू पक्षकारों से कहा है कि मस्जिद समिति की तरफ से दायर याचिका पर जवाब दाखिल करें। क्या है मुकदमा, सुप्रीम कोर्ट तक कैसे पहुंच गया विवाद- गौरतलब है कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर को लेकर भूमि विवाद लंबे समय से जारी है। उत्तर प्रदेश में अयोध्या की राम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर ही मथुरा में भी अलग और भव्य मंदिर बनाने की मांग हो रही है। जमीन के मालिकाना हक को लेकर जारी मुकदमे में अहम मोड़ उस समय आया जब अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की मांग होने लगी। ईदगाह कॉम्पलेक्स का सर्वे कराने के लिए पहले याचिकाकर्ताओं ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंय गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाई गई है।

***आचार संहिता उल्लंघन मामले में ...***

में मतदान हुआ था। याचिका में कहा गया है कि प्रावधान का उल्लंघन करते हुए दिनांक 16 नवंबर को एक रैली और रोड शो का आयोजन किया गया था। इस रैली की फोटो और वीडियो उपलब्ध कराए हैं।

इस फोटो और वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भूपेश बघेल के द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शासकीय कर्मचारी और पुलिस अधकारी भी शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता भूपेश बघेल के पक्ष में नारे भी लगाए गए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है, इसलिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर उन्हें दंडित किया जाए। अब इस मामले में आगामी सुनवाई 26 फरवरी को तय की गई है।

# भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका, दूसरे टेस्ट से दो बड़े दिग्गज हुए बाहर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है. टीम इंडिया के दो दिग्गज केएल राहुल और रवींद्र जडेजा सीरीज के दूसरे मुकाबले से बाहर हो गए हैं. हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जबकि राहुल ने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी. बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की प्रगति पर नजर रख रही है. बता दें, हैदराबाद में हुए सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को 28 रन से हार का सामना करना पड़ा था. रवींद्र जडेजा दूसरी पारी में बेन स्टोक्स के डायरेक्ट थ्रो पर रन आउट हुए थे और इसके बाद उन्हें लंगड़ाकर मैदान से बाहर जाते देखा गया था.

वहीं रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले सरफराज खान को आखिरकार टीम इंडिया में शामिल किया गया है. सरफराज के अलावा सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को भारत की टीम में शामिल किया है. बता दें, सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 फरवरी से शुरु होना है. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), अवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार शामिल है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। वीर सिंह यादव, थैलेश साहू के दिशा निर्देशन में प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों के द्वारा झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, श्रीमती मीना गिरधर उपाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, समाज सेवी वीरेंद्र अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



*भैय्या बहनों ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी*

उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दिए एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति का भावना जागृत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बहन डिंपल यादव ने किया। इस कार्यक्रम को साफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा, बोधन भारद्वाज विनोद ताम्रकार धर्मेंद्र गोमस्ता, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू सौरभ फूले, डीगेश साहू, श्रीमती कीर्ति दफेदार एस राव झुंपा मंडल त्रिवेणी मंडल स्मृति पांडे सुषमा शांडिलकर, रेवती वर्मा कौशल्या वर्मा, पल्लवी भिवगढ़े,ऋतु साहू, सुशील यादव, अमिता जैन, उत्तम नागमोते, सुशील यादव ,प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ ज्योति, मार्वे ज्योति, शर्मा प्रिया भारती योगेश्वरी निषाद योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा गीत, कहानी, कविता, भाषण, रिकॉर्डिंग डांस आदि का अद्भुत आयोजन प्रस्तुत किया गया। नन्हें मुन्ने भैया बहनों के द्वारा आयोजित प्राथमिक विभाग का रिकॉर्डिंग डांस जिसमें 120 भैया बहनों ने भाग लिया। सभी लोगों ने सराहा। सुरेश दास वैष्णव के दिशा निर्देशन में घोष दल ने परेड प्रदर्शित किया।

# रामाटोला महाविद्यालय में युवा दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप मे मनाई गई, इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. टी. ठाकुर ने कहा की विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे है। वे भारतीय संस्कृति को अक्षुण्य बनाये रखने मे महती भूमिका निभाई है। प्रो.आर. राम मैडम ने कहा युवा अपनी असीम शक्ति का उपयोग सही दिशा लगाए। डॉ. ए. के. सिन्हा ने कहा की युवा अपनी शक्ति का उपयोग लक्ष्य निर्धारित कर करें। डॉ. संगीता रंगारी ने कहा कि युवा वायु की तरह होते है। जब वायु पुरवाई बनकर बहती है तो वातावरण आनंदित होता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। निबंध में प्रथम कु हेमलता साहू, द्वितीय नुगेश्वर, पेंटिंग में प्रथम ज्योति, द्वितीय विनय, रंगोली में प्रथम कु. डोमेश्वरी, द्वितीय कु महिमा, भाषण में प्रथम कु. ज्योति सेन, द्वितीय कु. ईश्वरी पटेल रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मनोज कुमार रंगारी ने किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में समाजवादी पार्टी के द्वारा स्थानीय विवेकानंद नगर स्थित प्रागंण में ध्वजारोहण किया गया। देश के 75 वें गणतंत्र के इस सुअवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा भारतीय गणतंत्र के माध्यम से उत्तरोतर देश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है अपने सारगर्भित विचार रखते हुए जिला अध्यक्ष के द्वारा समाज के हर वर्ग का उत्थान बिना किसी भेदभाव के हो यही आशा व्यक्त की है। ध्वजारोहण के इस सुअवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सहित समाजवादी पार्टी के प्रमोद चावड़ा, मोतीलाल यादव, राकेश यादव, पवन ठाकुर, पोषण शर्मा, सोमप्रभा सेम्यूल, मीना कुर्राम, कामतु ठाकुर, नंदकुमार तारम, लखनलाल कोहकोटा, गणेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजेन्द्र सुधाकर, देवेन्द्र जामुलकर, बाबुलाल सिन्हा, पवन ठाकुर एवं कॉलोनीवासी बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य, रेलवे नागपुर मंडल में 75वॉं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

नागपुर (दावा)। द.पू.म. रेलवे नागपुर मंडल द्वारा रेलवे खेल संघ स्टेडियम मोतीबाग ग्राउंड पर 75वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया, मुख्य अध्यक्ष उदय बोरवणकर, प्रभारी मंडल रेल प्रबंधक. द.पू.म.रेलवे नागपुर द्वारा राष्ट्रगान के सुमधुर संगीत के साथ तिरंगा फहराया गया एवं आर.पी.एफ स्काउड गाइड, व नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा प्रस्तुत शानदार परेड से सालामी स्वीकार की गई।



अपने संबोधन में श्री बोरवणकर ने सभी कर्मियों को शुभकामनायें दी तथा मण्डल की उपलब्धियां के अलावा महाप्रबंधक द्वारा दिये गए संदेश को कर्मियों के लिए पढ़ा व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करते रहें ताकि मंडल आगे भी हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। उन्होने कहा कि सत त्तथा अनुशासित प्रयास से हमने जन सेवाओं को विकसित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में हमारी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रही है।

इस अवसर पर श्री बोरवणकर द्वारा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट 03 रेल कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। स्काउड गाईड एवं स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, आरपीए के जवानों द्वारा डॉग शो तथा आर्म्स शो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित शाखा अधिकारी से क्रो सदस्य, यूनियन के प्रतिनिधि मीडिया एवं कर्मचारी सपरिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संचालित, अजनी स्थित लिटिल स्टेप्स रेलवे स्कूल में से क्रों उपअध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल हुई शामिल

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए विषय पर आयोजन ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। सात दिवसीय विशेष शिविर का आज उद्घाटन कार्यक्रम था जिसमे मुख्य अतिथि हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक डोंगरगढ़ ग्राम सरपंच श्रीमती लता ठाकुर, श्री गणेश साहू जनपद सदस्य, एवं अन्य उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. सुरेश कुमार पटेल , विशेष अतिथि दिग्विजय महाविद्यालय के स. प्रा. डॉ. त्रिलोक देव साथ ही ग्राम उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे । कार्यक्रम का उद्घाटन शुभारम्भ युवा के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित , पुष्प अर्पित कर किया गया।





कार्यक्रम का प्रथम उद्बोधन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ नशा मुक्त बनाने में कैसे युवाओं का योगदान रहेगा कैसे हम नशा मुक्त समाज का निर्माण करेंगे बताया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथ रासेयो जिला संगठक डॉ. एस के. पटेल द्वारा अपने व्यख्यान में शुभकानाएं देते हुए आशीर्वचन स्वरूप सभी स्वयंसेवियो को किस प्रकार एक सात दिवसीय शिविर में कम संसाधनों में हमे कैसे अपने जीवन को चलाना है यह सीखना है साथ ही साथ इस शिविर में हम सिखने और सिखाने के

साथ साथ ग्रामीण विकास किस प्रकार करें यह बताया गया तथा विशिष्ट अतिथि संस्था के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर जो की रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी भी रह चुके है तो वे अपना अनुभव साझा करते हुए किस प्रकार कैम्प को व्यवस्तिथ तरीके से रखा जाए साथ ही साथ ग्रामीण जनो से कैसे बात किया जाये कैसे लगाव बनाकर रखना है बताया गयाइसी के साथ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विज्ञान महाविद्यालय रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखदेव कनीजे जो की ग्राम के वासी है उन्होंने कहा कि हमको तो सीमित संसाधनो में ही कैम्प करना होता है लेकिन यदि तब भी कोई समस्या हो तो उसके समाधान हेतु वे सदैव ततपर रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बघेल जी ने अपने वक्तव्य में सभी विद्यार्थियों, ग्रामीण जनो को अपने कॉलेज के और अपनी जिंदगी के अनेको अनुभव को बताते हुए संबोधित किये साथ ही उन्होंने कहा कि किसी कार्य को लक्ष्य बनाकर चलने उस लक्ष्य की जल्द ही प्राप्ति होती है और कुछ जरुरतों की पूर्ति करने के लिए भी आश्वासन दिये। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मंच संचालन में शिविर नायक लोकेश्वर खुटेल, शिविर नायिका पूजा वर्मा एवं स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 50 स्वयंसेवक व 55 स्वयंसेविका शामिल हुए है।

# कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस के 75वीं वर्षगांठ पर 26 जनवरी को स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में सुबह 8.30 बजे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, महापौर हेमा देशमुख, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, किशन खंडेलवाल, पदम सिंह कोठारी, नरेश डाकलिया, शहर कांग्रेस महिला अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन को सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने



तिरंगा गमछा एवं गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा राष्ट्रीय गीत गाया गया। पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का संदेश वाचन प्रवक्ता महेन्द्र शर्मा ने किया।

ध्वजारोहण समारोह का संचालन शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने किया। ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित कांग्रेसजनों संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेसजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व हमारा गौरवशाली पर्व है। हम उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हमारे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश वाचन से जो प्रेरणा मिली है हम सब मिलकर संकल्प लें और इन्हीं भावनाओं के साथ आगे बड़े। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, उमेश जोशी, दिनेश शर्मा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, श्रीमती मोहनी सिन्हा, योगेन्द्र प्रताप सिंह, मनीष गौतम, भरत सोनी, नारायण सोनी, शकील रिजवी, गेमू कुंजाम, पार्षद संतोष पिल्ले, सतीश मसीह, भागचंद साहू, सिद्धार्थ डोंगरे, श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, प्रज्ञा गुप्ता, मामराज अग्रवाल, प्रतिमा बंजारे, अमित जंघेल, फरमान अली, डॉ. कुमार, बबलू कसार, आरबी मिश्रा, खिलेश बंजारे, चेतन सिन्हा, पंकज गुप्ता, मयंक सोनी, भारत भूषण शर्मा, जीतेश सिमनकर, विष्णु सिन्हा, राजा यादव, हिमेश गोन्नाडे, मिथलेश शर्मा, राजेश सेवता, आफताब अहमद, शेषनारायण, रूपेश साहू, रीना पटेल, राहुल देवांगन, राहुल गजभिये, शैलेष रामटेके, दयावान देवांगन, संदीप जायसवाल, नासिर खां सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ग्राम लिटिया में धूमधाम से मनाया श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री रामचंद्र जी की अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर ग्राम लिटिया में भी दीप उत्सव और प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। समस्त ग्रामवासियों ने गांव की प्रमुख संस्थाएं व सेवाभावी लोगों ने मिलकर और सभी भगवान श्री रामचंद्र जी के भक्तों ने इस समारोह को यादगार बनाने के लिए बहुत ही मेहनत किये।



लोगों ने अपने-अपने घरों में मोहल्ले में तोरन पताका आदि से सजावट की संध्या को अपने-अपने घरों में दीप जलाकर,रंगोली बनाकर और पास के मंदिर और चौक चौराहा में भी दीप लाकर सजाया और जोरदार आतिशबाजी के साथ धूमधाम से दिवाली मनाया गया

गांव में सर्वप्रथम श्री राम युवा शक्ति एवं प्रयास ग्रुप के सदस्यों के माध्यम से भगवान श्री रामचंद्र जी की जय घोष रैली मोटरसाइकिल रैली के रूप में निकालकर सबको कलश यात्रा मे शामिल होने के लिये अपील किया गया,साथ ही समाज सेवको व गांव प्रमुखो द्वारा बाजार चौक से कलश यात्रा निकालकर,और निषाद समाज के द्वारा भक्त राज गुहा जी की जयंती मनाते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ गांव भ्रमण किया गया। संध्याकालीन खीर पुरी के रूप में प्रसादी वितरण किया गया और गांव में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# प्रत्येक युग पिछले युग की प्रतिक्रिया है . डॉ. गरचा



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल. टांडेकर के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अनीता शंकर एवं सभी प्राध्यापक के सहयोग से अंग्रेजी विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय कमला देवी राठी महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष सम्माननीय डॉ. हरप्रीत कौर गरचा को आमंत्रित किया गया था। व्याख्यान का विषय विक्टोरियन युग के विशेष संदर्भ में अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का अवलोकन करना था डॉ गरचा के द्वारा अंग्रेजी साहित्य के प्रथम युग एंग्लो-सेक्सन (450-1066)से लेकर पोस्ट मॉडर्न युग(1945-अब तक) तक प्रत्येक युग की विशेषताएं एवं उनके प्रतिनिधि नाटककार, कवि , निबंधकार एवं उपन्यासकार पर प्रकाश डाला गया ,साथ ही यह बताया गया कि प्रत्येक युग का साहित्य उस युग के राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों का परिणाम होता है ।

अंग्रेजी साहित्य के इतिहास को सरल एवं सहज रूप से समझाया गया। व्याख्यान में मुख्य रूप से प्रत्येक युग के कुछ महत्वपूर्ण कृतियों पर ध्यान दिया गया इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान से विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न युगों को मनोरंजक एवं एक फिल्म की तरह सीखने का अवसर मिला जो भविष्य में निश्चित रूप से सहयोग करेगा ।

# क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम ने किया ध्वजारोहण



*उत्कृष्ट कार्य करने वाले छः विद्युत कर्मियों को किया गया पुरस्कृत*

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विद्युत कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अभियंता मेश्राम द्वारा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज रायपुर के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्युतकर्मी श्रीमती धनेश्वरी चन्द्रवंशी, कनिष्ठ अभियंता कुमरदा वितरण केन्द्र अशोक कुमार कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता रेंगाखार वितरण केन्द्र अमृत लाल साहू, लाईन सहायक श्रेणी-दो, कुमरदा वितरण केन्द्र प्रमोद सोनी कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, अधीक्षण अभियंता वृत कार्यालय एवं गणेश गढ़पायले, दफ्तरी, क्षेत्रीय लेखाधिकारी कार्यालय एवं धर्मेन्द्र कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र, चेक और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन एवं कविता पाठ की प्रस्तुति दी गई। इस पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज की मासिक गृह पत्रिका संकल्प का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर अधीक्षण अभियंता एस.के.शर्मा, के. सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता, एम.के.साहू, ए.डी. टण्डन, आर.के. गोस्वामी, सुश्री गीता ठाकुर, बीरबल उइके, एस.के. जाटवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी धर्मेन्द्र शाह मंडावी द्वारा किया गया।

# बौद्ध समाज द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व धूमधाम से मना



राजनांदगांव (दावा)। सिविल लाईन, राजनांदगांव स्थित डॉ. आंबेडकर भवन में बौद्ध समाज द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व धूमधाम से मनाया गया। समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य ने खुशी बांटकर एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान मिष्ठान का वितरण किया गया। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी एवं सह सचिव विनोद श्रीरंगे ने दी।

# एनबी ग्रुप आफ स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव(दावा)। नीरज बाजपेयी ग्रुप आफ स्कूल के प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए संस्था द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कक्षा केजी टू के बच्चों को सर्वप्रथम स्थानीय बर्फानी आश्रम ले जाकर मां पाताल भैरवी, शंकर भगवान एवं अन्य देवी देवताओं का पूजन-अर्चन कराया गया।**

बर्फानी आश्रम के पश्चात् कक्षा केजी वन तथा केजी टू के बच्चों को मोहारा ग्राम-यात्रा कराकर वर्मा फार्म हाउस ले जाया गया। जहां प्रकृति के मध्य बच्चों ने समय व्यतीत किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को अपनी संस्कृति तथा प्रकृति से जोड़ना है ताकि बच्चे संस्कारवान बने एवं प्राकृतिक सुंदरता को समझ सके। प्रकृति की महत्ता, उनके गुण तथा प्रकृति की उपयोगिता से परिचय कराना ही इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य था। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में एनबी ग्रुप के एनबीआईएस बोरी, एनएफएस खंडेलवाल कॉलोनी, एनपीपीएस जयस्तंभ चौक एवं बल्देवबाग के ब्रांचों ने भाग लिया।

जिसमें प्री प्राइमरी के कक्षा केजी वन एवं केजी टू के बच्चों ने बखूबी आनंद उठाया। छोटे बच्चों को ध्यान में रखते हुए विविध खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी सहभागिता पूर्ण रुप से दी।

# मोदी जी की नीतियों से व्यापार-व्यवसाय में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि-सुनील सिंघी

## जीएसटी के कारण देश की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई - संतोष पांडे, व्यापारियों ने अनेकता में एकता का दिया परिचय - हेमा देशमुख

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के बैनर तले होटल राज इम्पीरियल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में पूरे जिले भर के व्यापारी एकत्रित हुए जिससे पूरा माहौल गहमा-गहमी भरा रहा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के चेयरमेन सुनील सिंघी, सांसद संतोष पांडे व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, दामोदर दास मूंदड़ा, शरद अग्रवाल, राजा माखीजा, अनिल बरडिया, हसमुख रायचा, विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

राज इम्पीरियल हॉटेल के खचाखच भरे हाल में बड़ी संख्या में उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने कहा कि देश के उर्जावान प्रधानमंत्री मोदी की जन हितैषी नीतियों के कारण व्यापारी भाईयों का व्यापार-व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। लोगों का व्यापार व्यवसाय अच्छी तरह फल-फूल रहा है। जीएसटी के कारण जहां देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत हुई है, वही पूरे देश भर में सड़कों के बिछाए जाल से व्यापार-व्यवसाय बढ़े है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी की वजह से हमारा भारत देश पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवा रहा है।



### 0 7 ट्रिलियन डालर पहुंची अर्थव्यवस्था

इसी तरह सांसद संतोष पांडे ने मोदी जी की सर्वपेक्षामुखी नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि उक्त वजह से उत्तर प्रदेश आज उद्योग के मामले में अव्वल हो गया है। इसी तरह गुजरात भी व्यापार-व्यवसाय के मामले में आगे बढ़ा हुआ है। व्यापार जगत में मोदी जी की जीएसटी व व्यापार सरलीकरण की वजह से जम्मू काश्मीर ने उद्योग लग रहे है। विश्व के कुल 193 देशों में से 169 देश का यहां उद्योग व्यापार खुल चुके है। आज मोदी जी की दूर दर्शिता पूर्ण नीतियों की वजह से हमारी अर्थव्यवस्था 7 ट्रिलीयन डालर तक पहुंच रही है। जो दुनिया के तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था साबित हो रही है।

राज इम्पीरियल के व्यापारी सम्मेलन में पधारी महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने व्यापारियों की एकता की सराहना की व कहा कि व्यापारियों ने कोरोनाकाल में खुलकर सहयोग व सहायता की। इस दौरान व्यापारी सम्मेलन के भव्य मंच में शहर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाज सेवी दामोदरदास मुंदड़ा, छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन केट के जिला अध्यक्ष राजेश डागा (राजू), सूर्यकांत चिंतलाग्या, रमेश परतानी, चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा, आलोक बिन्दल, रघुवीर बाधवा, विनेश चोपड़ा आदि उपस्थित थे। व्यापारी सम्मेलन अवसर पर उपरोक्त अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण चेम्बर आफ कामर्स के जिला अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने दिया और चेम्बर की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमेन, सुनील सिंघी का 40 एसोसिएशन द्वारा भावभीनी सम्मान किया गया।

### धर्म नगरी में दर्शन

श्री सिंघी के राजनांदगांव आगमन से पूर्व धर्म नगरी डोंगरगढ़ पहुंचकर चन्द्रगिरी में विद्यासागर महाराज का दर्शन किया गया व मां बम्लेश्वरी का दर्शन कर देश की खुशहाली व सबकी सुख-शांति की दुआएं मांगी। इस दौरान श्री सिंघी के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, महामंत्री अजय भसीन, राजू डागा, आलोक बिन्दल, कैट के रोहित माखीजा व शुभम तेजवानी आदि उपस्थित थे। जिनका स्वागत-सम्मान मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, प्रकाश बिंदल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल आदि द्वारा किया गया। शहर में रविवार शाम को राज इम्पीरियल में आयोजित इस गरिमामय व्यापारिक सम्मेलन में आलोक बिंदल, राजू डागा, संजय तेजवानी, ज्ञानचंद बाफना, गोल्डी बरडिया, रईश अहमद शकील, सुमीत खंडेलवाल, राजकुमार बाफना, कोमल सिंह राजपूत, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुलबीर सिंह छाबड़ा, हरिश मोटलानी, चंकी अग्रवाल, सुधा पवार, रूबी गरचा, विनोद लोहिया, दुष्यंत दास, संजय चोपड़ा, नवीन माखीजा, संजय सिंगी, आदित्य अग्रवाल, पवन घनशानी, घनश्याम वाधवानी, ओमप्रकाश भूतड़ा, सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय भसीन ने किया। उक्त जानकारी आलोक बिंदल द्वारा दी गई।

### व्यापारी सम्मेलन में प्रदेश में 11 सीटों पर भाजपा की जीत पर हुआ बवाल

**कुलबीर छाबड़ा ने इसे गलत बताते हुए किया कड़ा विरोध**

व्यापारी सम्मेलन में अतिथियों द्वारा पीएम मोदी की तारीफ करते हुए छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटे जीतने की बात कहे जाने पर बवाल मच गया और सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया व आयोजकों से कहा कि यह व्यापारियों का सम्मेलन है, किसी पार्टी का आयोजन नहीं। यहां पधारे अतिथि हमारे मेहमान है। हम उन्हें सम्मान देते है लेकिन यहां जो प्रक्रिया चल रही है, वह गलत है। जिसका हम विरोध करते है। कुलबीर ने कहा कि आयोजकों को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि यह किसी पार्टी का सम्मेलन नहीं जो प्रदेश में ग्यारह के ग्यारह सीट जीतने की बात कही जाए। व्यापारी वर्ग किसी जाति-धर्म या राजनीतिक पार्टी के नहीं है। उन्हें व्यापारी के हित की चर्चा करते वकौल मोदी के गुणगान के। कुलबीर के उग्र रूप धारण किए जाने पर रईस अहमद शकील सहित अन्य लोगों द्वारा उसे समझाते हुए देखा गया। इससे सम्मेलन में कुछ देर तक अफरा-तफरी मची रही।

# पीएम मोदी ने आज के भारत को वुमेन लैड डेवलपमेंट का प्रतीक बताया - मधुसूदन यादव



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसूदन यादव ने 28 जनवरी को प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड का टीवी पर लाइव प्रसारण अपने मोतीपुर स्थित निज निवास में देखा । इस अवसर पर भाजपा नेता किसुन यदु, मदन (मोंटू) यादव, संजय लडूवन एवं साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने बताया कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य रूप से प्रभु राम के शासन को संविधान निर्माताओ के प्रेरणा का स्त्रोत बताया और 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन का स्मरण करते हुए इसे देश की सामूहिकता की शक्ति का परिचायक बताया जो देश को नई ऊंचाई पर पहुंचायेगा।

पीएम मोदी ने 21वीं सदी के भारत को वूमेन लैड डेवलपमेंट का प्रतीक बताया और उदाहरण के रूप में 26 जनवरी की परेड में महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी , अर्जुन अवार्ड समारोह में महिला एथलीटों की भागीदारी एवं स्वयं सहायता समूह के रूप में महिलाओं की भागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने पद्म पुरस्कारों का उल्लेख करते हुए इसमें भी 30 महिलाओं को पद्म सम्मान दिए जाने को महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री ने अंगदान से लोगों की जिंदगी बचाने वाले निर्णय एवं प्रयासों का भी उल्लेख किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने वाले वैद्यराज हेमचंद मांझी का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे वह पिछले 5 दशकों से गरीब मरीजों की सेवा करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रेडियो की ताकत का उदाहरण देते हुए छत्तीसगढ़ के चर्चित रेडियो प्रसारण कार्यक्रम हमर हाथी, हमर गोठ की ख्याति से देशवासियों को अवगत कराते हुए बताया की कैसे इस रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोग जंगल में हाथियों के दल की लोकेशन की जानकारी लेकर उनके आवागमन मार्ग से दूरी एवं सामंजस्य बनातें हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन ने यह भी बताया कि पीएम मोदी ने पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं से अपील की है कि वह अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वाएं और मतदान अवश्य करें क्योंकि उनका वोट देश का भाग्य बदल और बना सकता है। पीएम मोदी ने देश के दो महान विभूतियां पंजाब केसरी लाला लाजपत राय एवं फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा का स्मरण करते हुए भारत के इतिहास में इनके अमूल्य योगदान को भी स्मरण किया।

# गांव चलो अभियान के तहत प्रदेश के 20,000 गांवों तक जायेगी भाजपा- नारायण चंदेल

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान को लेकर बुलाई गई कार्यशाला का मार्गदर्शन करते हुए राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी व अभियान के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल ने कहा कि इस अभियान के तहत यह अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी तक पूरे देशभर में चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत देश के 07 लाख व प्रदेश के 20 हजार गांव तक भाजपा के नेता, कार्यकर्ता, विधायक, मंत्री तथा पार्टी के बड़े पदाधिकारी गांव-गांव जाकर रात्रि विश्राम गांव में ही करेंगे।



इस अभियान की कार्यशाला राष्ट्रीय स्तर पर व प्रदेश स्तर पर हो चुकी है, अब यह कार्यशाला जिला स्तर पर आहूत की गई है, इसके बाद 03 फरवरी तक मंडल स्तर पर कार्यशाला होगी और 04 फरवरी से अभियान प्रारंभ हो जायेगा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री चंदेल ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव को देखकर यह अभियान पार्टी के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह गांव चलो अभियान जरूर है किन्तु शहरी क्षेत्रों के वार्डो में भी यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य 50 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने का है, पिछले विधानसभा चुनाव में हमें 46 प्रतिशत वोट मिले थे।

अतः कम से कम 10 प्रतिशत मतों की वृद्धि हो, यह इस अभियान का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत ग्रामीणों का देश है, गांव की उन्नति में ही देश की तरक्की व खुशहाली निहित है इसलिये सभी कार्यकर्ता जी-जान से इस अभियान में जुटे है। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के विषय की रूपरेखा रखी, मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान नेताओं का पुष्पहार से स्वागत किया गया। मंच पर वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सचिन बघेल, मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, गीताघासी साहू, प्रतिक्षा भंडारी, चन्द्रिका डड़सेना, भरत वर्मा, राजेन्द्र गोलछा, सावन वर्मा, आभा तिवारी, कैलाश शर्मा, एम.डी.ठाकुर, आकाश चोपड़ा, रघुवीर वाधवा, पारूल जैन, तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके, रोहित चन्द्राकर, हकीम खान, मनोज साहू, पंकज कुंजरेकर सहित बड़ी संख्यामें पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने किया।

# खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के नवनियुक्त निर्विरोध अध्यक्ष बने अर्पण खंडेलवाल



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में विगत 28 जनवरी को राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ, जिसके लिए दो दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की पहले नाम की प्रस्तावक बने अनुराग खंडेलवाल ने प्रियंक खंडेलवाल का नाम अध्यक्ष पद के लिए रखा इसी प्रकार दूसरे दावेदार के रूप में प्रस्तावक पराग खण्डेलवाल ने अर्पण खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव रखा दोनों दावेदारों को आपस में चर्चा करने के लिए आधे घंटे का समय दिया गया दोनों ने आपसी सूझबूझ से चर्चा करते हुए अध्यक्ष पद के दावेदार रहे प्रियंक खंडेलवाल ने अर्पण खंडेलवाल के नाम का समर्थन करते हुए समर्थन किया जिस पर समस्त सदन के युवा साथियों ने एक स्वर में समाज एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सर्वसम्मति से खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन राजनंदगांव के अध्यक्ष के लिए अर्पण खण्डेलवाल को चुना गया।

**एकता की मिसाल राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन**

संत सुंदरदास महाराज श्री चरणों में प्रणाम करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने पूर्व अध्यक्ष शरद खंडेलवाल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, साथ ही अध्यक्ष पद के दावेदार रहे प्रियंक खंडेलवाल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया एवं उपस्थित युवा साथियों का नत-मस्तक होकर धन्यवाद किया। पूर्व अध्यक्ष शरद खंडेलवाल एवं प्रियंक खंडेलवाल ने पुष्प माला पहनकर नए अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल का स्वागत कर बधाई एवं आशीर्वाद दिया। प्रगति पद पर अग्रसर रहे नवनियुक्त अध्यक्ष अर्पण खण्डेलवाल ने पूर्व अध्यक्ष शरद रसोईया को अपनी प्रेरणा बताया और कहा कि निःस्वार्थ सेवा की मिसाल शरद खंडेलवाल के कार्य को आगे आपके आशीर्वाद व सहयोग से निरंतर सेवा कार्य को मिलकर आगे बढ़ाएंगे।

राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन अपनी एकता के लिए देश विदेश में जाना जाता है त्याग संयम और धैर्य की मिसाल राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन का प्रत्येक युवा एक अनमोल रत्न है, सेवा ही उद्देश्य को शिरोधार्य करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने कहा कि समाज एकता युवा एकता जिंदाबाद। सभी युवाओं ने अपने नए अध्यक्ष अर्पण दुसाद को बधाई दी बधाई देने का क्रम निरंतर जारी रहा।

### मृणाल चौबे ने की चौथी टीम के लिए 21 हजार रु. पुरस्कार की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मृणाल चौबे ने चौथा स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 21 हजार रूपए के ईनाम राशि घोषित की है। ये घोषणा उन्होंने महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के 80वें आयोजन के उद्घाटन समारोह में मंच से किया। उन्होंने कहा कि हॉकी की नर्सरी को जितना दूं वह कम है। इस शहर के मैदान में मुझे हुनर मिला और मुझे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टीम में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। अब से देश में यह पहली प्रतियोगिता होगी जहां चौथा स्थान पाने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष चौथे स्थान पर आने वाली टीम को पुरस्कार देंगे।

# गणतंत्र दिवस पर जिला न्यायालय रौशन हुआ दीपों से

## जिला व सत्र न्यायधीश व अन्य न्यायधीशों ने प्रज्जवलित किया दीपों को

राजनांदगांव (दावा)। भारत के 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिला न्यायालय परिसर में प्रथम बार दीपोत्सव आयोजित कर देशभक्ति, आपसी सदभावना एकता का संदेश दिया गया।



अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता राकेश ठाकुर के निर्देशन व अधिवक्ता पंकज गुप्ता के विशेष सहयोग से भारत के नक्शे व देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे जय हिन्द पर दीप जलाकर दीपोत्सव का आयोजन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि देशभक्ति आपसी सद्भावना भाईचारे एकता का संदेश देने हेतु उक्त आयोजन दीपोत्सव के माध्यम से दीप जलाकर किया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायधीश आलोक कुमार उपाध्याय सहित अन्य न्यायधीशगणों अधिवक्तागणों द्वारा स्वयं दिये लगाए गए उनमें बत्ती डाली गई तथा तेल डालकर दीप प्रज्जवलन किया गया। राष्ट्रीयता, सद्भावना की प्रेरक भावना के साथ गणतंत्र दिवस मनाने के इस आयोजन में पूर्व सैनिकों ने भी अपना विशेष योगदान दिया पूर्व सैनिक जिन्होंने 1971 युद्ध, कारगिल युद्ध में देश की ओर से युद्ध कर विजय बनाने में अपना योगदान दिया था वे भी आयोजन में शामिल हुए, जिला एवं सत्र न्यायधीश महोदय व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारा पूर्व सैनिकों का श्रीफल देकर सम्मान किया गया, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय आयोजित इस गरिमामय आयोजन में न्यायधीशगण, अधिवक्तागण जिन्होंने शामिल होकर इसमें अपना योगदान देकर आयोजन को सफल बनाया, उनके प्रति आभार प्रदर्शन अधिवक्ता संघ के सचिव ललित कश्यप द्वारा किया गया।

# 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## 7 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल मैच

राजनांदगांव (दावा)। 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर श्रीमती गीता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हॉकी उनके जीवन से जुड़ा हुआ है और वे स्वयं हॉकी खिलाड़ी रही हैं। अपनी शिक्षाग्रहण के समय हॉकी में लगाव के फलस्वरूप उन्होंने हॉकी खेलना प्रारंभ किया था। किसी भी टीम में शामिल खिलाड़ी अकेला नहीं बल्कि उसके साथ पूरी टीम, राज्य और पूरा देश खेलता है। यह खेल की महत्ता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी टीमों को शुभकामनाएं दी।

**खिलाड़ी अकेला नहीं बल्कि उसके साथ पूरी टीम, राज्य और पूरा देश खेलता है श्रीमती गीता साहू**



शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने यहां खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और मुख्य अतिथि श्रीमती गीता साहू ने 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 राजनांदगांव के विधिवत उद्घाटन की घोषणा भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भण्डारी, कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्टेडियम समिति राजनांदगांव संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने भी संबोधित किया और खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मृणाल चौबे परिवार की ओर से चतुर्थ पुरस्कार प्रदान करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं स्टेडियम समिति के प्रभारी अधिकारी खेमलाल वर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हॉकी और झांकी के लिए राजनांदगांव जिला विख्यात है। यहां जाने माने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं भी हुई है। पूर्व ओलंपिक एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों ने भी यहां आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में भी हिस्सा लेकर जिले का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस वर्ष 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को रजत कप एवं 5 लाख रूपए तथा उपविजेता टीम को रजत कप एवं 3 लाख रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर भरत वर्मा, नीलू शर्मा, सचिन बघेल, किशुन यदु, प्रकाश सांखला, नीलम जैन, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, भूषण साव, गणेश प्रसाद शर्मा, रणविजय प्रताप सिंह, प्रिंस भाटिया, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अशोक मेहरा, ए एक्का, अन्य जनप्रतिनिधि सहित मीडिया प्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जनता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि देश की प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिताओं में से अग्रणी स्थान रखने वाली हॉकी नर्सरी की इस प्रतियोगिता को पूर्व गरिमा के अनुरूप ही भव्यता प्रदान करने के लिए आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्य लगे हुए हैं। इस वर्ष देश की चुनिंदा टीम इस प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रही है, जिसमें पेट्रोलियम स्पोट्र्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली, सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई, कस्टम पुणे, पंजाब एण्ड सिंध बैंक जालंधर, आरसीएफ कपूरथला, बंगाल इलेवन, एससी सिकंदराबाद, आर्मी इलेवन दिल्ली, एयर फोर्स नई दिल्ली, गंगपुर हॉकी एसोसिएशन, एनसीओई सोनीपत, जीएसटी चेन्नई, स्पोंटस कॉलेज सैफई, सीटीसी मुम्बई, नवल टाटा, पाम्पोस हॉस्टल, एनसीओई लखनऊ, महाराष्ट्र हॉकी पूणे, साई सुंदरगढ़, एनसीआर इलाहाबाद, एनसीओई मणिपुर, सेल राऊलकेला के अलावा मेजबान जिला हॉकी संघ की टीम शामिल है। हॉकी नर्सरी के प्रशंसकों की रूचि एवं उत्साह को देखते हुए आयोजन समिति ने इस वर्ष स्पर्धा को और मनोरंजक एवं लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से नाक आउट कम लीग के आधार पर प्रतियोगिता कराया जा रहा है। पहले चरण में नॉक आउट व दूसरे चरण में लीग मैच खेले जायेंगे, जिसमें प्रत्येक पूल की सर्वाधिक अंक पाने वाली टीम के मध्य सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे और इसमें विजयी टीम के मध्य प्रतियोगिता का बहुप्रतिष्ठित फाइनल मैच 7 फरवरी को दोपहर में खेला जाएगा।


















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com